
हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### मिजोरम: 17 मार्च को असम राइफल्स के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे अमित शाह

एजेंसी, आइजोल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 17 मार्च को मिजोरम में असम राइफल्स (एआर) के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री जोरामथंगा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं को बताया कि शाह आइजोल के निकट जोखॉसांग में एआर परिसर का उद्घाटन करेंगे। आइजोल के मध्य में स्थित असम राइफल्स के शिविर को यहां से 15 किलोमीटर दूर जोखॉसांग में स्थानांतरण, नवंबर 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में, सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के शीर्ष एजेंडा में शामिल था। फरवरी 2019 में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने असम राइफल्स को इस साल 31 मई तक अपना मुख्यालय जोखॉसांग में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। देश के सबसे पुराने अर्द्धसैनिक बल के जोडिन और खतला में असम राइफल्स के दो शिविर हैं। जोडिन में एक शिविर को जोखॉसांग स्थानांतरित किया जा रहा है।

### भारत को उम्मीद, यूरोपीय संघ के साथ एफटीए अहम बदलाव लाएगा : जयशंकर

एजेंसी, नयी दिल्ली । भारत को उम्मीद है कि यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफ्टीए) से 'अहम बदलाव' होंगे एस जयशंकर ने कहा । उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि समझौते के लिए 'तय समयसीमा' के भीतर पारस्परिक रूप से लाभकारी निष्कर्ष तक पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि यूरोप और भारत निर्भरता को कम करके, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों पर सहयोग बढ़ाकर और आपूर्ति-श्रृंखला के पुनर्गठन के जरिये एक-दूसरे की रणनीतिक स्वायत्तता का समर्थन कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''हम उम्मीद करते हैं कि भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) एफ्टीए दोनों पक्षों के रिश्ते के लिए अहम बदलाव लाएगा। हम पारस्परिक रूप से लाभकारी नतीजे तक पहुंचने के लिए तय समयसीमा के भीतर बातचीत पूरी करने के लिए तत्पर हैं। भारत और यूरोपीय संघ ने आठ साल के बाद पिछले वर्ष जून में लंबे समय से लंबित व्यापार और निवेश समझौते के लिए बातचीत फिर शुरू की थी।

### बॉम्बे हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, लड़की का हाथ पकड़कर प्यार का इजहार करना छेड़छाड़ नहीं है

एजेंसी, मुंबई । बॉम्बे हाईकोर्ट ने लड़के द्वारा हाथ पकड़ कर प्यार करने के इजहार पर एक बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने एक केस की सुनवाई के दौरान कहा कि लड़की का हाथ पकड़कर अपने प्यार का इजहार करना छेड़छाड़ नहीं है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने आरोपी को जमानत पर छोड़ने का भी निर्देश दिया। बता दें कि1 नवंबर 2022 को नाबालिग पीड़िता के पिता ने पुलिस में एक शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें ऑटो चालक धनराज बाबू सिंह राठौड़ ने उनकी 17 वर्षीय बेटी का यौन उत्पीड़न करने का प्रयास करने आरोप लगाया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। शिकायत में पिता ने बताया कि उनकी बेटी कॉलेज और ट्यूशन जाने के लिए आरोपी के ऑटो से जाती थी। लेकिन बाद में जब बेटी ने ऑटो से जाना बंद कर दिया तो आरोपी ने उनकी बेटी का पीछा किया और एक दिन आरोपी ने नाबालिग का हाथ पकड़कर अपने प्यार का इजहार कर दिया।

# प्रौद्योगिकी की मदद से भारत 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र : मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत बड़े स्तर पर एक आधुनिक डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार कर रहा है और यह सुनिश्चित कर रहा है कि डिजिटल क्रांति का लाभ सभी तक पहुंचे। मोदी ने आम बजट के बाद आयोजित हो रहे वेबिनार की श्रृंखला में क्षमताओं का दोहन - प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से जीवन सुगमता विषय पर कहा कि सरकार छोटे व्यवसायों के लिए अनुपालन लागत कम करना चाहती है। उन्होंने उद्योग से ऐसे अनुपालनों की एक सूची तैयार करने को कहा, जिन्हें खत्म किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, हम छोटे व्यवसायों की अनुपालन लागत को कम करना चाहते हैं। क्या आप (उद्योग) अनावश्यक अनुपालनों की एक सूची तैयार कर सकते हैं, जिन्हें खत्म किया जा सकता है। हमने 40,000 अनुपालनों को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि करदाताओं के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए कर प्रणाली को फेसलेस बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, अब आपकी शिकायतों और उनके समाधान के बीच कोई इंसान नहीं है, सिर्फ तकनीक है। मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के वजह से ही श्एक राष्ट्र, एक राशन योजना साकार हो सकी। उन्होंने आगे कहा कि जैम त्रयी (जन-धन योजना, आधार और मोबाइल नंबर) ने गरीबों तक लाभ पहुंचाने में मदद की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 5जी और एआई (कृत्रिम मेधा) जैसी तकनीकों पर चर्चा की जा रही है और ये चिकित्सा, शिक्षा, कृषि और कई अन्य क्षेत्रों को बदलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हितधारकों से आम आदमी के सामने आने वाली 10 ऐसी समस्याओं की पहचान करने को कहा, जिनका समाधान एआई का इस्तेमाल करके किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी प्रौद्योगिकी से चलने वाली है और इसे केवल डिजिटल, इंटरनेट प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं रखा जा सकता। मोदी ने कहा, श्पिछले कुछ वर्षों के हर बजट में प्रौद्योगिकी की मदद से लोगों के जीवन को आसान बनाने पर जोर दिया गया है। इस साल के बजट में भी प्रौद्योगिकी और मानवीय स्पर्श को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के हस्तक्षेप अब कम हो गए हैं और नागरिक सरकार को बाधा नहीं मानते हैं। प्रधानमंत्री ने मिशन कर्मयोगी के तहत प्रशिक्षण प्रक्रिया को अद्यतन रखने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि नागरिकों से मिले फीडबैक के आधार पर किए गए संशोधनों से योजना में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। मोदी ने एक ऐसी व्यवस्था बनाने का सुझाव दिया, जहां प्रशिक्षण को बेहतर बनाने के लिए फीडबैक आसानी से हासिल किया जा सके। उन्होंने डिजिलॉकर सेवा का उल्लेख भी किया, जहां कंपनियां और संगठन अपने दस्तावेजों को रख सकते हैं और उन्हें सरकारी एजेंसियों के साथ साझा भी कर सकते हैं। उन्होंने इन सेवाओं का विस्तार करने के तरीके तलाशने का सुझाव दिया ताकि अधिक से अधिक लोगों को इससे फायदा मिल सके। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने छोटे एवं मझोले उद्योगों (एमएसएमई) के सामने आने वाली बाधाओं की पहचान करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि बजट या किसी भी सरकारी नीति की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि इसे कितनी अच्छी तरह तैयार किया गया है, लेकिन साथ ही लोगों का सहयोग भी जरूरी है।

# होली पर्व पर सीएम का फरमान

## किसी भी कीमत पर अराजकता बर्दाश्त नहीं : योगी

- सांसद व विधायक निधि का सदुपयोग किया जाए
- अधिकारी दें ध्यान, लोग न हों परेशान : योगी आदित्यनाथ



संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली पर्व के मद्देनजर अधिकारियों को खास निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा है कि किसी भी कीमत पर अराजकता बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। अराजकतत्वों से कठोरता से पेश आए। सीएम दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को गोरखपुर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि होली पर्व पर सुरक्षा के कड़े व पुख्ता इंतजाम किए जाए। शोभा यात्रा पुरानी परंपराओं के अनुसार ही निकाली जाएं। अराजकता को किसी कीमत पर बर्दाश्त न करें। अराजकतत्वों व समाज में विषम भाव पैदा करने वालों से सख्ती से पेश आए। होलिका दहन आबादी से दूर जलाई जाए सीएम योगी ने कहा कि प्रयास यह हो कि होलिका दहन आबादी से दूर जलाई जाए ताकि किसी को भी किसी तरह का कोई नुकसान न हो। इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाए की अश्लील गाने न बजें। कही भी किसी तरह को कोई विवाद न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए ।सांसद व विधायक निधी का सदुपयोग किया जाए सीएम ने कहा कि सांसद व विधायक निधी का सदुपयोग किया जाए। नियमित रुप से समीक्षा करते रहे। विकास कार्यो में इस बजट का पूरा उपयोग किया जाए। इसके साथ ही सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि धुरियापार में औद्योगिक गलियारे के साथ धुरियापार में जमीन खरीदें,जिससे निवेशकों को समस्या न हो।

# भारत को वाहन विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने पर काम कर रही मोदी सरकार : नितिन गडकरी

एजेंसी




नयी दिल्ली। सरकार भारत को एक वैश्विक वाहन विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को जयपुर में टाटा मोटर्स की वाहन कबाड़ सुविधा का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में घरेलू वाहन उद्योग 15 लाख करोड़ रुपये का होगा। गडकरी ने कहा कि वाहन उद्योग फिलहाल देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.1 प्रतिशत का योगदान देता है। उद्योग का आकार अभी 7.8 लाख करोड़ रुपये है। मंत्री ने कहा, ''वाहन क्षेत्र प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब चार करोड़ लोगों को रोजगार देता है। यह आंकड़ा 2025 तक बढ़कर पांच करोड़ होने की उम्मीद है। मैं देश को दुनिया का पहले नंबर का वाहन विनिर्माण केंद्र बनाने पर काम कर रहा हूं। भविष्य में इस उद्योग का आकार 15 लाख करोड़ रुपये का होगा। गडकरी ने कहा कि वाहन कबाड़ नीति से पुराने वाहनों को हटाने और चरणबद्ध तरीके से कम प्रदूषण वाले नए वाहनों को लाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा, ''ऐसा अनुमान है कि कबाड़ नीति से वाहनों की जो मांग पैदा होगी उससे सरकार को 40,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व मिलेगा। नई कारों के लिए कच्चे माल की लागत 30 प्रतिशत घट जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत अभी सालाना 80 लाख टन कबाड़ इस्पात का आयात करता है। गडकरी ने कहा, ''करीब 50-60 कबाड़ केंद्रों से इस्पात कबाड़ की आयात मांग घटेगी और भारत इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेगा। उन्होंने कहा कि वाहन कबाड़ नीति से एक संगठित उद्योग बनाने में मदद मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

# अज्ञात वाहन में घुसी बोलेरो, हादसे में 2 की मौत...1 की हालत गंभीर

संवाददाता, संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर में सोमवार देर रात को एक अज्ञात वाहन से बोलेरो की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण था कि मौके पर ही बोलेरो सवार 2 लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया। इसके साथ पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि हादसा जिले के धनघटा क्षेत्र के रामजानकी मार्ग का है। जहां बोलेरो सवार तीनों लोग शादी समारोह में शामिल होकर घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान जब वह रामजानकी मार्ग पर स्थित रामपुर बारह कोनी के दुर्गा मंदिर के पास पहुंचे तो बोलेरो की किसी अज्ञात वाहन के साथ जोरदार टक्कर हो गई। हादसे से बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बोलेरो सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तीनों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने 2 को मृत घोषित कर दिया जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, महोली क्षेत्र के खजुहा गांव निवासी आनंद पाल (23) यादव की बहन की शादी बस्ती जिले के कलवारी क्षेत्र के देवाडीह गांव में हुई है। वहीं, आनंद के बहन के देवर की शादी सोमवार को थी। बारात देवाडीह से सोमवार की रात को बस्ती जिले के ही कलवारी क्षेत्र के मटियरिया गांव में गई थी। इसी शादी में शामिल होने के लिए आनंद पाल यादव के साथ गांव के जगदीश यादव (60) और अमित गुप्ता (35) के साथ गए थे।

# सरकार को समाजवादी सिद्धांत को समझना होगा, रामराज्य बिना समाजवाद के नहीं आ सकता : अखिलेश

संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा में मंगलवार को नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने नीति आयोग के आंकड़ों के हवाले से विकास की दिशा में उत्तर प्रदेश को बहुत पीछे करार देते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास या राम राज्य्य, बिना समाजवाद के संभव नहीं है। मंगलवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के बाद वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट प्रावधानों पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का यह सातवां बजट है और हर साल सरकार ऐतिहासिक और सबसे बड़ा बजट पेश करने का दावा करती है। लेकिन इतने बजट पेश करने के बाद भी उप्र की स्थिति कई मानकों पर अभी सुधरी नहीं है। यादव ने नीति आयोग के आंकड़े गिनाये और कहा पूरे देश और उप्र की जनता को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का सपना दिखाया जा रहा है। सरकार अगर यह सपना देख रही है तो उसे नीति आयोग की सतत विकास लक्ष्य की रिपोर्ट देखनी चाहिए कि उसमें उप्र की क्या स्थिति है। उन्होंने नीति आयोग की 2020-21 की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि रिपोर्ट में गरीबी की रेखा से नीचे वाले 28 राज्यों की सूची में उप्र नीचे से चौथे नंबर पर है। भुखमरी समाप्त करने में उप्र पांचवें नंबर पर है। गुड हेल्थ में नीचे से दूसरे नंबर पर है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में 18वें नंबर पर है। उन्होंने इन आंकड़ों के जरिये सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, सरकार को समाजवादी सिद्धांत को समझना होगा। सबका साथ, सबका विकास या राम राज्य्य बिना समाजवाद के संभव नहीं है। यादव ने 2023-24 के बजट को दिशाहीन बताते हुए कहा कि इसमें न वर्तमान की समस्याओं का समाधान है और न ही भविष्य का रास्ता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने वादा किया था कि किसानों की आय दोगुनी होगी लेकिन उस वादे का कोई भविष्य अभी तक नजर नहीं आया है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने 22 फरवरी को वित्त वर्ष 2023-24 के लिये विधानसभा में छह लाख 90 हजार 242 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस बजट में 32 हजार 721 करोड़ 96 लाख रुपये की नयी योजनाएं शामिल की गयी हैं।

# एससी से मनीष सिसोदिया को बड़ा झटका

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली की 2021-2022 की आबकारी नीति की कथित अनियमितता के आरोपों से घिरे दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अपनी गिरफ्तारी और पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेजने के खिलाफशीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मंगलवार को विशेष उल्लेख के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने श्री सिसोदिया की याचिका पर तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई। जिस पर सुप्रीम कोर्ट से मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट जाने का आदेश सुनाया है। सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो की विशेष अदालत ने सोमवार को पांच दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेज दिया था। दिल्ली की राउस एवेन्यू स्थित एम के नागपाल की अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 14 अन्य आरोपियों में शामिल सिसोदिया को केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया था। अदालत ने आम आदमी पार्टी के नेता सिसोदिया को हिरासत में देने की सीबीआई की गुहार स्वीकार करते हुए 04 मार्च अपराह्न दो बजे आरोपी को पेश करने का आदेश दिया था। सीबीआई का पक्ष रख रहे स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर पंकज गुप्ता ने विभिन्न दलीलें देते हुए पूछताछ की आवश्यकता बताई और अदालत से श्री सिसोदिया की पांच दिन की हिरासत की गुहार लगाई थी। सिसोदिया का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ताओं- डी. कृष्णन, मोहित माथुर और सिद्धार्थ अग्रवाल ने सीबीआई हिरासत को गैरजरुरी और कानून का दुरुपयोग बताते हुए मुख्यमंत्री को हिरासत में भेजने की मांग का पुरजोर विरोध किया। सीबीआई ने दिल्ली की आबकारी नीति 2021-2022 ( विवाद के बाद दिल्ली सरकार ने इस नीति को रद्द कर दिया था) में कथित अनियमितता के मामले में श्री सिसोदिया को रविवार को आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। सीबीआई का आरोप है कि सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 17 अगस्त-2022 को श्री सिसोदिया समेत 14 लोगों के खिलाफप्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद 17 अक्टूबर श्री सिसोदिया से पूछताछ भी की गयी थी।

## संपादकीय

# पाक को अख्तर का आईना

पाकिस्तान के लाहौर में आयोजित फैज फेस्टिवल में भाग लेने गये मशहूर गीतकार व लेखक जावेद अख्तर के बयान का वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वे पाकिस्तानियों को बता रहे हैं कि मुंबई हमले के दोषी पाक में खुलेआम घूम रहे हैं। जिसका मलाल हर भारतीय के दिल में है। निस्संदेह, पाकिस्तान जाकर ऐसी बेबाक बात कहने का साहस करने वाले जावेद अख्तर की सराहना की जानी चाहिए। जावेद ने यह जवाब कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी की उस सलाह के जवाब में दिया, जिसमें वह कह रहा था कि भारतीयों को बताना कि सीमा पार के लोग उनका ख्याल करते हैं और प्यार करते हैं। निस्संदेह, सत्ता के समीकरणों व सत्ता प्रतिष्ठानों की संकीर्ण कूटनीतियों के चलते दोनों देशों के अवाम के मन में गहरी कटुता पैदा होती है। किसी भी देश के सारे धर्मों के सभी लोग तंग नजरिये हों, ऐसा नहीं होता। लेकिन दोनों देशों के संबंधों के पुल को मजबूत करने के प्रयास लगातार जारी रहने चाहिए। बहरहाल, वर्ग विशेष की राष्ट्र के प्रति निष्ठा को लेकर सवाल खड़े करने वालों को जावेद अख्तर का पाकिस्तान में साहसिक ढंग से दिया गया जवाब एक नसीहत है। यह भी कि मौके पर सही बात को कहने का साहस होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि फलां देश ने मुझे बुलाया है तो उसके ही सुरों में बात की जाये। यद्यपि दोनों देशों में अतिवादी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। हालांकि, कार्यक्रम में जावेद अख्तर के बयान पर खूब तालियां बजी थीं, लेकिन अब तमाम लोग उनके बयान का विरोध भी कर रहे हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि उन्हें नहीं बुलाया जाना चाहिए था। वहीं भारत में भी अतिवादियों की कमी नहीं है जो कह रहे हैं कि पाक को घर में घुसकर मारा। वास्तव में दोनों देशों के अवाम में परिपक्व सोच का विकास होना चाहिए ताकि सत्तातंत्र की गढ़ी गई गुत्थियों की हकीकत का पता चल सके। यही वक्त की दरकार भी है जब धर्म-संप्रदाय की राजनीति के जरिये दूरियां बनाने को कोशिश हो रही है। वैसे फैज अहमद फैज की बेटी मुनीजा हाशमी द्वारा संचालित फैज फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्यक्रम में जावेद अख्तर को पाकिस्तानियों ने धैर्य व संयम के साथ सुना। जावेद ने पाकिस्तानियों को बताया है कि जब भारत में फैज अहमद फैज आते थे तो उन्हें ऐसा सम्मान मिलता था जैसे कि कोई दूसरे देश का राष्ट्राध्यक्ष आया हो। उन्होंने आगे कहा कि हमने भारत में नुसरत फतेह अली खान और मेहदी हसन के बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित किये, लेकिन पाकिस्तान ने कभी लता मंगेशकर का कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया। साथ ही जावेद ने यह भी कहा कि हम एक-दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय समस्या के समाधान की ओर बढ़ें। इसी कार्यक्रम में एक महिला ने जावेद अख्तर से कहा कि भारतीयों को यह भी बताइएगा कि पाकिस्तानी बुरे नहीं हैं, वे बम ही नहीं मारते, फूलों की माला भी पहनाते हैं और प्यार भी करते हैं। हम चाहते हैं कि इस इलाके में मोहब्बत फैले और लोग प्यार से रहें। यह तार्किक है कि दोनों देशों के अवाम को कट्टरपंथियों को अलग-थलग करके अपने दिल के दरवाजे खुले रखने होंगे। खुले दिमाग से चीजों को देखना होगा। निस्संदेह, दोनों देशों में तंत्र द्वारा जो बंदिशें लगायी गई हैं, उसके कारण दोनों तरफके लोग एक-दूसरे को समझ नहीं पाते। ऐसे में दोनों देशों में सांस्कृतिक कार्यक्रम व संगीत-कविता के जरिये संवाद के रास्ते ही खुलते हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी कि कोई भारतीय 26 नवंबर, 2008 के उस भयावह आतंकी हमले को नहीं भूल सकता, जिसमें चार दिनों में 160 से अधिक लोग मारे गये थे। जिस हमले को लश्कर-ए-तैयबा ने पाक सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से अंजाम दिया था। जिसकी टीस हर भारतीय को सालों साल सालती ही रहेगी।

# उत्तर भारत जोड़ो यात्रा काल की कांग्रेस

कांग्रेस अधिवेशन से पहले जिस तरह दिल्ली एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को नाटकीयता के साथ असम पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वह लोकतंत्र के लिए अच्छे लक्षण नहीं हैं। रायपुर में 24 से 26 तारीख तक कांग्रेस का अधिवेशन हो रहा है, जिसमें हिस्सा लेने के लिए देश भर से कांग्रेस नेता पहुंच रहे हैं। अगले आम चुनाव और उससे पहले इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिहाज से यह अधिवेशन काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी की चुनावी रणनीति और संगठनात्मक मजबूती के मद्देनजर कई अहम फैसले अधिवेशन में लिए जा सकते हैं। यह अधिवेशन भारत जोड़ो यात्रा के बाद हो रहा है। पांच महीनों में चार हजार किमी की दूरी तय करने वाली राहुल गांधी और उनके साथियों की इस पदयात्रा ने भारतीय राजनीति में इतिहास तो रचा ही है, यह कांग्रेस के लिए भी एक निर्णायक मोड़ सिद्ध हुई है। अपने जन्म से लेकर अब तक कांग्रेस ने कई अहम पड़ाव देखे हैं और इसमें अलग-अलग नेताओं के काल का फर्क भी साफ महसूस किया जा सकता है। कांग्रेस का अभी जो दौर चल रहा है, उसे उत्तर भारत जोड़ो यात्रा काल कहा जा सकता है। जो पूर्व भारत जोड़ो यात्रा काल कांग्रेस का था, उसमें उसके हिस्से बड़ी-बड़ी हार, हताशा और बगावत थी। हालांकि तब भी राहुल गांधी मोदी सरकार के खिलाफआवाज उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। नोटबंदी से लेकर जीएसटी और कोरोना लॉकडाउन से लेकर कृषि विधेयकों तक हर मुद्दे पर उन्होंने हर गलत बात को उजागर किया। इस दौरान सोशल मीडिया ट्रोल आर्मी और मीडिया के बड़े वर्ग ने राहुल गांधी के खिलाफ नैरेटिव तैयार करने में कोई कमी नहीं की गई।उन पर निजी हमले किए गए, उनका मखौल उड़ाने वाले संबोधनों का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया गया और चरित्र हनन करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस तबके ने पहले ही राहुल गांधी की मजबूती को भांप लिया था। जब भारत जोड़ो यात्रा हुई, तब भी इसी तबके ने यात्रियों को हतोत्साहित करने की सारी तरकीबें भिड़ाईं, हालांकि फिर भी यात्रा इस तरह संपन्न हुई, जिसकी कल्पना न भाजपा ने की थी, न राहुल गांधी के विरोधियों ने। यात्रा जब तक चलती रही, मुख्यधारा के मीडिया ने तो उस पर खास कवरेज नहीं किया, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए पल-पल की खबर और तस्वीरें अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का काम कांग्रेस की मीडिया टीम ने किया और इसमें पवन खेड़ा के योगदान को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। उत्तर भारत जोड़ो यात्रा काल की कांग्रेस पहले से अधिक आक्रामकता और जोश के साथ भाजपा से सवाल कर रही है। बीबीसी डाक्यूमेंट्री पर रोक, हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अडानी समूह में गड़बड़ी के आरोपों की जांच की मांग, बीबीसी कार्यालयों पर आयकर का सर्वे, इजरायली की जासूसी फर्म की चुनावों में दखलंदाजी और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए विपक्ष के बारे में गलत खबरें फैलाने का खुलासा, हाल में इन तमाम मुद्दों पर कांग्रेस ने पूरे तथ्यों के साथ अपने सवाल रखे हैं और मोदी सरकार से जवाब मांगा है। संसद के बजट सत्र में भी कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने जो सवाल उठाए, उन्हें असंसदीय करार देते हुए सदन की कार्यवाही से ही हटा दिया गया है। इस फैसले को भी कांग्रेस ने अलोकतांत्रिक करार दिया था। राहुल गांधी बार-बार यही कहते हैं कि उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जाता, मीडिया में उन्हें स्थान नहीं मिलता, इसलिए उन्हें जनता के बीच जाकर अपनी बात कहनी पड़ती है। राहुल गांधी और कांग्रेस के आरोपों का भाजपा कोई जवाब नहीं दे रही। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में राहुल गांधी के पूछे गए किसी सवाल का जवाब नहीं दिया, बल्कि वे बात को राहुल गांधी, सोनिया गांधी के सरनेम तक ले गए और पूछा कि इन्हें नेहरू सरनेम रखने में क्या शर्मिंदगी है। इस बात की कांग्रेस ने आलोचना जरूर की, लेकिन शायद कहीं कोई एफआईआर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ दर्ज नहीं करवाई। रेनकोट पहनकर नहाना जैसी निम्न स्तरीय टिप्पणियां श्री मोदी ने की, लेकिन उनकी गिरफ्तारी की मांग कांग्रेस ने नहीं की और भाजपा ने भी संस्कारों की दुहाई देते हुए इसकी आलोचना करना जरूरी नहीं समझा। लेकिन अभी पवन खेड़ा की गिरफ्तारी की वजह उनके द्वारा दिया गया एक बयान ही है, जिसमें उन्होंने श्री मोदी के पिता का नाम पहले गलत लिया था, लेकिन बाद में उसे सुधार भी लिया था।

# रूस और यूक्रेन युद्ध का एक वर्ष

## अहम और विस्तार वाद की सनक, युद्ध में सिसकती मानवता

**संजीव ठाकुर**



यह रूस के राष्ट्रपति पुतिन की विस्तारवादी आकांक्षा,सनक और व्यक्तिगत अहम के कारण पूरा विश्व अशांति की कगार पर आ गया है। रूस यूक्रेन युद्ध को पूरे 1 वर्ष होने जा रहे हैं पर युद्ध थमता नहीं दिखाई दे रहा है। दोनों देशों के लाखों सैनिक, नागरिक हलकान परेशान हैं और मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं। यूक्रेन के बच्चे ,नागरिक दूसरे देशों में शरणार्थी बनकर रह रहे हैं मानवता सिसक रही है संवेदना करा रही है पर रूस और यूक्रेन के के हुक्मरानों को मानवता से कोई लेना-देना ना होकर केवल अपने अहम पर टिके रहने की कवायद जारी है। अमेरिका ब्रिटेन फ्रांस और यूरोप के अन्य देश रूस और यूक्रेन की इस लड़ाई की आग में अपना हाथ सेकने में व्यस्त । इस लड़ाई से वैश्विक शांति की स्थिति अत्यंत सोचनीय है और चिंतनीय भी हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादीमीर जेलेंस्की की अपरिपक्वता और जिद के कारण ही यूक्रेन के निर्दोष नागरिक युद्ध की विभीषिका को बुरी तरह से झेल कर अपनी जान गवा रहे हैं। यह तो सारा विश्व जानता है कि पुतिन बहुत ही शक्तिशाली एवं परमाणु शक्ति संपन्न देश के राष्ट्रपति हैं, वे अपने पड़ोसियों की नाफरमानी को बर्दाश्त करने वालों में से नहीं है। सोवियत रूस से अलग होने के बाद जब से जेलेंस्की राष्ट्रपति बने वह अपनी नैटो देश के सदस्य बनने की जिद और यूरोपीय देशों से कंधे से कंधा मिलाकर रूस के विरोध में हमेशा आवाज उठाने वाले व्यक्ति रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जानते हैं कि रूस एक ताकतवर देश है ऐसे में उसे लगातार विचलित करने का प्रयास उनके लिए आत्मघाती होगा और वहां की जनता के लिए मौत का आव्हान ही होगा, इसके बावजूद उन्होंने रूस से युद्ध लड़ने की अपनी जिद को रोक नहीं पाए। दूसरी तरफअमेरिका के राष्ट्रपति विस्तारवादी नीति,अपरिपक्व निर्णय और यूक्रेन को झूठा समर्थन देकर उसे युद्ध के लिए लगातार भड़का कर अब सहयोग देने के नाम पर हाथ ऊपर खड़े कर दिए हैं। वैसे इस युद्ध में यूक्रेन की जनता का जितना नुकसान हुआ है वह किसी भी हालात में पूरा नहीं किया जा सकता, जिन सैनिकों,भोले नागरिकों की जान चली गई उन्हें फिर से जिंदा नहीं किया जा सकता है। इसका बड़ा कारण यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की युद्ध लगातार जारी रखने की जिद ही है। पुतिन का सदैव मकसद रहा है की यूक्रेन के राष्ट्रपति को बदलकर उनके समर्थित पूर्व राष्ट्रपति को यूक्रेन का राष्ट्रपति बनाया जाए ,इस तरह वर्तमान राष्ट्रपति का तख्ता पलट कर शासन तंत्र किसी उनके अपने समर्थित व्यक्ति को दिया जाए।दूसरा यह कि अमेरिका की मदद से यूक्रेन परमाणु बम बनाने के लगातार प्रयास कर रूस की शांति को भंग करना चाहता है। तीसरा यह कि यूक्रेन रूस की हर तरह की गतिविधियों का लगातार विरोध करता है। पर इन सब की प्रक्रिया के फल स्वरुप यूक्रेन की जनता युद्ध की विभीषिका के नीचे सिसक रही है रो रही है एवं पलायन करने को मजबूर है। न्यूज एजेंसियों के अनुसार यूक्रेन से लगभग 10 लाख नागरिक पोलैंड, रोमानिया और अन्य राज्यों में शरणार्थियों की तरह देश छोड़ चुके हैं, एवं दूसरे देश में कष्टकर जीवन बिताने को मजबूर हुए हैं। यह अमेरिका ,रूस तथा यूक्रेन की अकड़ का परिणाम है कि लाखों लोग युद्ध की भयानक कठिन परिस्थितियों के बीच अपनी जान बचाने के लिए मोहताज हैं। आज मानवता रो रही है सिसक रही है, कराह रही है, ऐसे में न तो संयुक्त राष्ट्र संघ और ना ही नेटो देश के सदस्य और ना ही यूरोपियन कमेटी के तमाम देश ही इन निर्दोष नागरिकों की मदद कर पा रहे हैं। युद्ध किसी भी समस्या का स्थाई हल नहीं होता है अनेक देशों के राष्ट्रपतियों के अकारण गुरुर, क्रोध और जिद के कारण लाखों लोग बेघर हो गए हैं और हजारों की जान भी चली गई है। इसकी भरपाई भला कौन कर सकता है। जिद और क्रोध की परिणति सदैव ही पश्चाताप में ही होती है। भारत ने भी स्वतंत्रता के समय भारत विभाजन के समय यह विभीषिका झेली थी और युद्ध के परिणामों को भारतीय जनमानस अच्छी तरह समझता हैं। ऐसा नहीं है कि यह पहला ही युद्ध हुआ है,इतिहास में ऐसे अनेक युद्ध हुए हैं जिसमें वहां की जनता एवं वहां का नागरिक युद्ध की त्रासदी हिंसा की विभीषिका और परमाणु युद्ध के परिणामों को बुरी तरह अनुभव कर चुका है। क्या यह बात तो रूस के राष्ट्रपति, अमेरिकी राष्ट्रपति और यूक्रेन के राष्ट्रपति नहीं जानते हैं, किंतु अपनी विस्तार वादी नीतियों एवं अनावश्यक जिद, गुरुर के कारण लाखों नागरिकों को मौत के मुंह में धकेल दिया है। युद्ध में यदि यूरोपियन देश और नैटो देश के सदस्य यूक्रेन की सेना को किसी भी तरह की मदद करते हैं तो विश्व युद्ध की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में पूरे विश्व में मानवता के लिए बहुत भीषण संकट आन पड़ेगा और भविष्य में शांति, सौहार्द और सामंजस्य की बातों पर कोई भी देश या नागरिक विश्वास नहीं करेगा ।इसीलिए युद्ध की तमाम बातों को छोड़कर शांति स्थापना के लिए पूरे विश्व के देशों को प्रयास कर मानवता की रक्षा की ओर अग्रसर होना चाहिए।

# किताबों की दुनिया अनन्त है

**डॉ नन्दकिशोर साह**

> एक किताब से ईमानदार मित्र कोई नही हो सकता और वह भी वैसा दोस्त जो कभी न लड़े, न नाराज हो। पुस्तकें हमारी सबसे बड़ी मित्र हैं। हमें हमेशा अच्छी पुस्तकों को अपने जीवन में स्थान देना चाहिए।




पुस्तक प्रेमियों की लिए खुश खबरी है। लगभग तीन साल के बाद विश्व पुस्तक मेले का आयोजन 25 फरवरी से 5 मार्च,2023 तक प्रगति मैदान में होने जा रहा है। मेले का प्रमुख थीम आजादी के अमृत महोत्सव पर आधारित है। इस विश्व पुस्तक मेले का 50 साल का सफर भी इस वर्ष पूरा होने जा रहा है। इससे पहले कोरोना संकट की वजह से दो साल तक इसका आयोजन नहीं हो सका था, जबकि 2021 में वर्चुअल मोड में इस विश्व पुस्तक मेले का आयोजन किया गया था। आज एक बड़ी विडंबना ही है कि युवा पीढ़ी मोबाइल में मस्त है और किताबें उनकी इंतजार कर रही हैं। मेले में अधिक से अधिक युवाओं को भ्रमण और किताब की खरीदारी करनी चाहिए। इससे लेखकों और प्रकाशकों का मनोबल बढ़ेगा। साथ ही नई पीढ़ी को नहीं दिशा मिलेगी। क्योंकि किताबों की दुनिया अनन्त है। वे कभी आपको निराश नहीं करती। हर पुस्तक आपसे संवाद स्थापित करती है। बातें करती हैं, बीते जमाने की, दुनिया की, इंसानों की, आज की, कल की, एक-एक पल की। वे किसी न किसी रूप में आपके जहन का हिस्सा बन जाती है और आपके व्यक्तित्व को प्रभावित करती है। मन में स्थाई भाव पैदा करती है, जो कभी खत्म नहीं होता। किताबें मित्रों में सबसे शांत, बुद्धिमान और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान है। एक किताब से ईमानदार मित्र कोई नही हो सकता और वह भी वैसा दोस्त जो कभी न लड़े, न नाराज हो। पुस्तकें हमारी सबसे बड़ी मित्र हैं। हमें हमेशा अच्छी पुस्तकों को अपने जीवन में स्थान देना चाहिए। पुस्तक हमारी प्रेरणा स्रोत हैं। महात्मा गाँधी भी भगवद्गीता को पढ़कर प्रेरणा लेते थे। किताबें हमारे सोचने समझने की शक्ति को बढ़ाते हैं।किताबों से सबसे पहला परिचय स्कूल में होता है और फिर ताउम्र यह परिचय इतना गहरा होता जाता है कि किताबें ही सबसे अच्छी दोस्त बन जाती हैं। दुनिया कितनी भी बदल क्यों न जाए। इन किताबों की दुनिया हमेशा ही बरकरार रहेगी।बचपन के दोस्त जैसा होता है। जैसे जैसे आपको किताबें भाने लगती है उतना ही वे आपके ज्ञान, शिक्षा और क्षमता के संवर्धन में सक्रिय हो जाती है। किताबें ही है जिसे पढ़कर हम डाक्टर, इंजीनियर, अध्यापक, प्रोफेसर, वकील, लेखक या किसी कार्य से जुड़ अपना और समाज का दायित्व संभालते है। किताबें आपके व्यावसायिक, प्रशासनिक कानूनी और सभी तरह की जानकारियाँ समेटे सदैव आपकी मदद को हाजिर रहती है। आजकल तो हम हर तरफ उपकरणों से घिरें हैं। सबको चलाने के लिए, बिजली की जरूरत पड़ती है। चार्ज खत्म होने पर ये उपकरण बन्द हो जाते है किंतु किताबों की चार्जिंग कभी खत्म नही होती है बल्कि आपके दिमाग को सीधा चार्ज करती है। यह जीवन की बाधाओं को दूर करने की मार्ग दिखाती है।किताबें पढ़ने से बुद्धि का विकास होता है। साथ ही आपकी रूचि और नजरिया विकसित होता है। खुद को बेहतर बनाने और अपडेट करते रहने के लिए किताबें बहुत अच्छा माध्यम है। आप इसे अपनी आदत बनाने की कोशिश करें। किताब पढ़ने के लिए रोजाना एक नियमित समय निर्धारित करें और उस निर्धारित समय पर प्रतिदिन कोई न कोई किताब जरूर पढ़ें। किताबें ज्ञान का सबसे बड़ा स्रोत होती हैं। जीवन जीने के संदर्भ में आपकी दोस्ती इन किताबों से हो गई तो समझ लीजिए कि इनके जरिए आप काफी कुछ सीख सकते हैं। किताबें ज्ञान का अद्भुत स्रोत होती है और इनके माध्यम से आप दुनिया के उन हिस्सों की संस्कृतियों का दर्शन समझ पाते हैं, जहां आप पहुंच न पाए हो। कई बार तो यह जिंदगी की दिशा और दशा भी तय कर देती है। सोच को बदल कर रख देती है। यह कभी भी आपको अकेला नहीं छोड़ती है। साथ ही बदले में यह हमेशा कुछ नहीं चाहती है। किताबें सोच को विस्तार देती है। कन्फिडेन्स बढ़ती है। किताबें ही है जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विचारों और विचारकों से हमारा अनमोल परिचय करवाती हैं। इन किताबों के जरिए आप पन्नों के माध्यम से अनंत यात्रा करते रहते हैं। इसलिए जरूरी है कि किताबों से दोस्ती करें। उन्हें पढ़ हैं और ऐसी संस्कृति को बढ़ावा दें।

# बाइडन यूक्रेन तो हो आये, लेकिन इससे खुद अमेरिका को क्या हासिल हुआ

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

> बाइडन ने जेलेंस्की को कोई ऐसे सुझाव दिए होंगे, जिनसे यह युद्ध बंद हो सके। वास्तव में विश्व महाशक्ति बनते हुए चीन से अमेरिका ने ऐसा पंगा ले रखा है कि वह इस युद्ध को चलते रहता ही देखना चाहता है। इससे अमेरिका का शास्त्रास्त्र उद्योग भी परम प्रसन्न रहता है।



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की यूक्रेन-यात्रा ने सारी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है। वैसे पहले भी कई अमेरिकी राष्ट्रपति जैसे जॉर्ज बुश, बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप इराक और अफगानिस्तान में गए हैं लेकिन उस समय तक इन देशों में अमेरिकी फौजों का वर्चस्व कायम हो चुका था लेकिन यूक्रेन में न तो अमेरिकी फौजें हैं और न ही वहां युद्ध बंद हुआ है। वहां अभी रूसी हमला जारी है। दोनों देशों के डेढ़ लाख से ज्यादा सैनिक मर चुके हैं। हजारों मकान ढह चुके हैं और लाखों लोग देश छोड़कर परदेश भागे चले जा रहे हैं। यूक्रेन फिर भी रूस के सामने डटा हुआ है। आत्म-समर्पण नहीं कर रहा है। इसका मूल कारण अमेरिका का यूक्रेन को खुला समर्थन है। अमेरिका के समर्थन का अर्थ यही नहीं है कि अमेरिका सिर्फ डॉलर और हथियार यूक्रेन को दे रहा है, उसकी पहल पर यूरोप के 27 नाटो राष्ट्र भी यूक्रेन की रक्षा के लिए कमर कसे हुए हैं। बाइडेन तो युद्ध शुरू होने के साल भर बाद यूक्रेन पहुंचे हैं लेकिन फ्रांस के राष्ट्रपति इम्नुएल मैक्रों, जर्मन चासंलर ओलफ शुल्ज, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और वर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी यूक्रेन की राजधानी कीव जाकर वोलोदोमीर जेलेंस्की की पीठ थपथपा चुके हैं। राष्ट्रपति बाइडन का कीव पहुंचना इसलिए भी आश्चर्यजनक रहा क्योंकि इस समय रूसी हमला बहुत जोरों पर है और बाइडन के जीवन को कोई भी खतरा हो सकता था। इसीलिए यह यात्रा बिल्कुल गोपनीय रही लेकिन अमेरिकी शासन ने यात्रा के कुछ घंटे पहले मास्को को चेताया कि बाइडन कीव जा रहे हैं ताकि इस युद्ध को समाप्त किया जा सके। लेकिन बाइडन ने वहां जाकर क्या किया? जेलेंस्की की पीठ ठोंकी और 500 मिलियन डॉलर के हथियार और सौंप दिए। इसके अलावा उन्होंने रूस और चीन को चेतावानियां दे डालीं। अमेरिकी प्रवक्ता ने चीन पर आरोप लगाया कि वह रूस को हथियार सप्लाई कर रहा है। चीन ने इस आरोप को खारिज कर दिया और अमेरिका से कहा कि वह यूक्रेन को भड़काने की बजाए समझाने का काम करे। अमेरिका के भी कुछ रिपब्लिकन नेता बाइडन की नीतियों को गलत बता चुके हैं। मुझे संदेह है कि बाइडन ने जेलेंस्की को कोई ऐसे सुझाव दिए होंगे, जिनसे यह युद्ध बंद हो सके। वास्तव में विश्व महाशक्ति बनते हुए चीन से अमेरिका ने ऐसा पंगा ले रखा है कि वह इस युद्ध को चलते रहता ही देखना चाहता है। इससे अमेरिका का शास्त्रास्त्र उद्योग भी परम प्रसन्न रहता है। इस मौके पर भारत की भूमिका बेजोड़ हो सकती है, लेकिन भारत के पास उस स्तर का कोई नेता या कोई कूटनीतिज्ञ होना जरूरी है।

# राज्यपाल पद पर जजों की नियुक्ति से अदालतों के फैसले पर सवाल उठेंगे ही

**योगेंद्र योगी**



राज्यपाल पद कहने को संवैधानिक होता है, किन्तु यर्थाथ में राज्यपाल के राजनीतिक विवादों में घिरे रहने के कई उदाहरण मौजूद हैं। गैरभाजपा शासित राज्यों में राज्यपाल और राज्य सरकार में टकराव की घटनाएं होती रहती हैं। भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार और परिवारवाद के मुद्दे पर कांग्रेस और अन्य दलों की तीखी आलोचना करती आई है। इस आलोचना का तात्पर्य यह नहीं है कि भाजपा भी इन्हीं दलों की तरह आचरण करने लगे और दलील यह दे कि ऐसा तो उनके शासन में भी होता रहा है, इसलिए इसमें गलत क्या है। भाजपा की केन्द्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अब्दुल नजीर को आंध्र प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त करने के मामले में ऐसी ही दलील दे रही है। भाजपा यह कहते हुए नजीर की नियुक्ति को जायज ठहरा रही है कि ऐसा तो कांग्रेस के शासन में भी होता रहा है। भाजपा यह भूल गई कि कांग्रेस ऐसे कारनामों के कारण सत्ता से बाहर है। भाजपा अपनी सुविधा से यह नहीं कर सकती कि जिसमें उसे नुकसान नजर आए उसमें काग्रेस को कोसे और जहां छिपा हुआ एजेंडा लागू करना हो, वहां कांग्रेस का उदाहरण पेश कर दे। इस नकारात्मक उदाहरण से निश्चित तौर पर भाजपा और न्यायाधीशों की छवि पर उंगलियां उठेंगी। न्यायाधीश नजीर का गलत उदाहरण पेश करके भाजपा अपनी जिम्मेदारियों से बच नहीं सकती। सवाल यह नहीं है कि नजीर ने सुप्रीम कोर्ट में जज रहते हुए अयोध्या और तीन तलाक के मुद्दे पर केंद्र सरकार के पक्ष मे फैसला सुनाया था, बड़ा सवाल न्यायपालिका की नैतिकता और शुचिता का है, जिसे बनाए रखने की मौजूदा दौर में कम से कम किसी राजनीतिक दल से तो अपेक्षा नहीं की जा सकती। नजीर को राज्यपाल बनाया जाना एक तरह से सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायधीशों के पुनर्वास का रास्ता देना है। अर्थात सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्टों के ऐसे जज जिन्होंने सरकारों के पक्ष में फैसला दिया होगा, वे सत्ताधारी दलों के कृपापात्र होंगे। जब भी सही मौका मिलेगा सरकार उनका पुनर्वास करके उन्हें अनुग्रहित कर देगी।यह परिपाटी न सिर्फ न्यायपालिका बल्कि देश की न्याय व्यवस्था के भी अनुकूल नहीं है। किसी लालच या आकर्षण के बूते दिए गए फैसलों में यह पता लगाना आसान नहीं होगा कि इसमें सच्चाई कितनी है। यही माना जाएगा कि सरकार का साथ देने के फैसलों के एवज में किसी प्रशासनिक या संवैधानिक पद पर नियुक्त करके न्यायाधीश को उपकृत किया गया है। राजनीतिक दलों के नेताओं के दामन तो दागदार होते रहे हैं किन्तु यह बुराई यदि न्यायपालिका तक पहुंच गई तो न्याय पर आम लोगों का विश्वास कायम रखना मुश्किल हो जाएगा। सेवानिवृत्त होकर किसी पद को लेने पर न्यायाधीश के कार्यकाल के दौरान दिए गए फैसलों पर सवाल उठेंगे। जैसे कि जज नजीर की नियुक्ति को लेकर उठ रहे हैं। देश में पहले ही न्याय पाने वालों की लंबी कतार लगी हुई है। न्याय पाने के लिए होना वाला खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। न्यायपालिका जजों की कमी से जूझ रही है। जटिल न्यायिक प्रक्रिया से लोगों की हताशा बढ़ रही है। ऊपर से यदि यह प्रवृत्ति न्यायाधीशों में घर कर गई कि सेवानिवृत्ति के बाद सरकार उनका भला कर देगी तो न्यायिक फैसलों से आम लोगों का न्यायपालिका पर बचा हुआ विश्वास भी दरकने लगेगा। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की ताजपोशी से इस बात को बल मिलता है कि केंद्र सरकार किसी न किसी रूप में न्यायपालिका को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। ऐसा नहीं है कि सरकार के राज्यपाल के पद को भरने के लिए उपयुक्त पात्र नहीं हों, किन्तु न्यायाधीशों को इसमें शामिल करने से न्यायपालिका और सरकार की साख पर सवाल उठना लाजिमी है। केंद्र सरकार वैसे ही जजों की नियुक्ति के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से टकराव के मुहाने पर खड़ी है। सरकार ने कॉलेजियम के जरिए होने वाली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति से इंकार कर दिया है। उधर सुप्रीम कोर्ट नियुक्ति के मसले पर सरकार द्वारा बनाए गए कानून को अमान्य घोषित कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट का साफकहना है कि ऐसा करके सरकार न्यायपालिका में दखलंदाजी करने का प्रयास कर रही है। भाजपा की दलील है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में न्यायधीशों के चहेतों की नियुक्ति की जाती है, वहीं न्यायविदों का कहना है कि सरकार अपने कृपापात्रों को नियुक्त कराने के लिए कॉलेजियम व्यवस्था को मानने से इंकार कर रही है। एक तरफकेंद्र सरकार अपनी पसंद के जजों की नियुक्ति कराने पर आमादा है, वहीं दूसरी तरफसेवानिवृत्त जजों को मलाईदार पोस्ट देकर न्यायाधीशों को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। राज्यपाल पद कहने को संवैधानिक होता है, किन्तु यर्थाथ में राज्यपाल के राजनीतिक विवादों में घिरे रहने के कई उदाहरण मौजूद हैं। गैरभाजपा शासित राज्यों में राज्यपाल और राज्य सरकार में टकराव की घटनाएं होती रहती हैं।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती कर ट्रामा सेंटर को पूर्ण रूप से सक्रिय करेंगे : ब्रजेश पाठक

संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है और विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती कर आंशिक तौर पर क्रियाशील ट्रामा सेंटर को जल्द पूर्ण रूप से संचालित करेगी। विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्न काल के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी (सपा) की नेता डॉ. रागिनी समेत अन्ध्य सदस्ध्यों के सवालों के जवाब में कहा कि प्रदेश के 35 जिलों में 36 ट्रामा सेंटर स्थापित किए गए हैं, जिनमें से तीन पूर्ण रूप से क्रियाशील, 28 आंशिक रूप से क्रियाशील और पांच अक्रियाशील है। पाठक ने कहा कि सभी ट्रामा सेंटर में स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कवायद की जा रही है, ताकि उन्हें पूर्ण क्षमता के साथ संचालित किया जा सके। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है और अब सरकार ने ढाई लाख रुपये वेतन की जगह पांच लाख रुपये वेतन प्रस्तावित किया है, जिससे जल्द भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर इस समस्या का समाधान किया जा सकेगा ।डॉ. रागिनी ने प्रश्नकाल में इस मुद्दे पर ध्यान आकर्षित किया कि 25 करोड़ की आबादी वाले राज्य में सिर्फ तीन ट्रामा सेंटर क्रियाशील हैं और इससे इतनी बड़ी आबादी को आपात स्थिति में कैसे चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी। पाठक ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। सपा के वरिष्ठ सदस्य माता प्रसाद पांडेय, डॉ. संग्राम यादव, लालजी वर्मा के अलग-अलग प्रश्ध्नों के उत्तर में उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रसन्न कुमार के प्रश्ध्न का उत्तर देते हुए पाठक ने कहा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के ट्रामा सेंटर में न्यूरोलॉजी चिकित्सक का पद सृजित नहीं है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में सेकेंडरी देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। न्यूरोलॉजी की चिकित्सा सेवा टर्शियरी केयर के अंतर्गत आती है, जो चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत मेडिकल कॉलेज एवं संस्थानों में उपलब्ध है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर होने वाले हादसों और आकस्मिक चिकित्सा सुविधा तथा पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी को लेकर सपा के मुख्ध्य सचेतक मनोज कुमार पांडेय द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में पाठक ने बताया कि प्रदेश में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पैरा मेडिकल स्टाफके कुल 10,480 पद स्वीकृत हैं, जिनके सापेक्ष 8,004 पदों पर पैरामेडिकल कर्मी कार्यरत हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि पैरामेडिकल संवर्ग के फार्मासिस्ट और एक्स-रे टेक्नीशियन के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अधियाचन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को प्रेषित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के माध्यम से संविदा पर 1,478 फार्मासिस्ट और 195 एक्स-रे टेक्नीशियन कार्यरत हैं। सपा के ही पंकज मलिक के प्रश्न के उत्तर में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मरीजों के बेहतर उपचार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुल 28 जिला चिकित्सालयों में डेंगू के मरीजों के इलाज के लिए प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के वास्ते एक-एक 'ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट' संचालित है। पाठक ने कहा कि प्रदेश के 46 जिलों में 'ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट' की स्थापनाध्संचालन से संबंधित काम पूरा हो गया है।

## अखिलेश यादव के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बोले, हम आपकी चिंता से सहमत

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश की विधानसभा में सोमवार को नेता विरोधी दल अखिलेश यादव के चिकित्सकों की भर्तियों के लिए विज्ञापन निकालने और फिर उसे निरस्त करने के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हम आपकी चिंता से सहमत हैं। विधानसभा में सोमवार को प्रश्न काल के दौरान एक पूरक प्रश्न में नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा महकमा संभाल रहे उप मुख्ध्यमंत्री ब्रजेश पाठक से पूछा कि आप लगातार विज्ञापन निकालते और निरस्त कर देते हैं। यादव ने कैंसर इंस्टीटयूट लखनऊ और सैफई यूनिवर्सिटी में खाली पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकालने और फिर निरस्त कर देने का मामला उठाते हुए पूछा कि आखिर इसका क्या कारण है, क्या आप किसी को खुश करने के लिए या किसी का इंतजार करने के लिए तो ऐसा नहीं कर रहे हैं कि जब उसका कोर्स पूरा हो जाएगा, तब विज्ञापन के माध्ध्यम से उसकी भर्ती की जाएगी। ब्रजेश पाठक ने कहा, माननीय नेता विरोधी दल ने जो सवाल पूछा है, वह मूल प्रश्न से हटके है, लेकिन हम इस सवाल का जवाब देंगे। पाठक ने कहा कि आज ही अधिकारियों से हम बात करेंगे कि ऐसा क्यों हुआ, हम आपकी चिंता से सहमत हैं। इसके पहले सपा सदस्य शहजिल इस्लाम ने पूछा था कि प्रदेश में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण क्षेत्र में सुधार के लिये सरकार ने क्या कोई योजना बनाई है। पाठक ने कहा, मेडिकल कॉलेज जहां-जहां खुलेंगे, हर मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज खोलने की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने कहा, अधिक से अधिक छात्र नर्सिंग क्षेत्र में आकर्षित हों और रोजगार की संभावनाएं तलाश पाएं, इसके लिए सोशल मीडिया पर 'हर घर एक नर्स' अभियान चलाया गया। पाठक ने बताया, प्रदेश में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा प्रदेश को नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के क्षेत्र में अग्रणी केंद्र बनाने के लिए अक्टूबर, 2022 में मिशन निरामया का शुभारम्भ किया गया। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा इन कार्यक्रमों के माध्यम से नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सुधार किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ विश्वविद्यालय के दो छात्र बायर मेधा फैलोशिप से हुए सम्मानित

संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दो परास्नातक छात्रों को बायर मेधा फैलोशिप से सम्मानित किया गया है। एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के पहले सेमेस्टर की छात्रा तूलिका सिंह और मानवी असवानी को अकादमिक योग्यता, प्रेरणा पत्र, शैक्षणिक वर्षों के दौरान हासिल की गई। इसके अतिरिक्त उपलब्धियों और साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर बायर फेलोशिप प्रोग्राम-मेधा के लिए चुना गया है। फेलोशिप की अवधि दो साल की है जो 20 हजार रुपये प्रति माह की अंदर से सेमेस्टर-वार प्रदान करी जाएगी। फेलोशिप के समय पर संवितरण के लिए चयनित छात्रों को नीतियों के अनुसार लगातार अकादमिक रिकॉर्ड बनाए रखने की आवश्यकता है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन दिसंबर 2022 में तथा ऑनलाइन साक्षात्कार जनवरी 2023 में आयोजित किए गए थे।

### ग़रीबों और ज़रूरतमंदों का हर दिन ख्याल रखा जाए : आफाक़

संवाददाता, लखनऊ। राष्ट्रय समाजिक संगठन क संयोजक मुहम्मद आफाक़ ने अपने बयान में कहा कि 14 शाबान पर मुसलमान अपने परिवारों के साथ कब्रिस्तान जाते है और कबिस्तान में प्रवेश करते हैं ऐसा कर ने से पहले वे गरीबों को खाना देकर एक बेहूदा रस्म अदा करते हैं लेकिन जैसे ही वह नहीं खाता वह कचरे के ढेर मे बदल जाता है उन्होने कहा कि गरिबो को खाना खिलाना और उनकी देखभाल करना इस्लाम सिखाता है साल के किसी भी दिन को खास नहीं बनाना चाहिए क्योंकि गरीब भी हमारी तरह रोज़ भूखे होते हैं और हमारी तरह उन्हे तीन वक्त की रोटी चाहिए तो हम उन्हें एक दिन के लिए खास क्यों बनाते हैं इस्लाम ने यह नही सिखया इस्लाम हमें भूखों को खाना खिलाना, प्यासों को पानी पिलाना, मज़लूमो की मदद करना बेसहारों को सहारा देना सिखाता है। फिर हम क्यों समझते हैं कि इसी दिन जररतमंदो को खाना खिलाने का दिन हे जिसका नुकसान यह होता है कि अन्न अपवित्र हो जाता है और अन्न यहॉ ढेर के रूप में पडा हुआ मिलता है। गैर मुस्लिम उसे इस्लाम समझने लगते है और फिर इस्लाम को बदनाम करते हैं इसलिए आज से हम सब मिलकर सुनश्चित करें कि सिर्फइसी दिन ही नही बल्कि हमेशा गरीबों बेसहारों का ख्याल रखेंगे।

### पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड प्राप्त किया सर्टिफिकेट

संवाददाता, लखनऊ। पिछले वर्ष दीपावली के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा अयोध्या में दीपोत्सव का भव्य आयोजन एवं (1576955) दीपों को प्रज्जवलित करके गिनीज बुक विश्व रिकार्ड बनाया गया था। जिसके लिए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड की सर्टिफिक्रेट प्रदान की गई है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 अक्टूबर (2022) को राम नगरी अयोध्या में राज्य सरकार द्वारा दीपावली का दिव्य एवं भव्य आयोजन किया गया था। इस अवसर पर 1576955 दीप जलाये गये थे। दीपों की यह संख्या विश्व रिकार्ड बनी थी। जो गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड के रूप में दर्ज की गयी थी।

### अधिकार सेना ने कमल निशान गमछा टांगने पर इंस्पेक्टर के निलंबन की मांग

संवाददाता, लखनऊ। अधिकार सेना ने पीलीभीत जिले के थाना गजरौला के पूर्व इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी द्वारा सार्वजनिक रूप से पुलिस की वर्दी के ऊपर भारतीय जनता पार्टी का कमल निशान गमछा टांग कर फोटो खिंचवाने और इसे सोशल मीडिया पर प्रदर्शित किए जाने के मामले में कार्यवाही की मांग की है। अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने अपनी भेजी शिकायत में कहा कि वह भी एक लंबे समय तक पुलिस विभाग में रहे हैं। उन्होंने आज तक ऐसा होते नहीं देखा है जब एक थाना प्रभारी किसी राजनीतिक दल का सिंबल इस प्रकार सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित कर रहा हो। उत्तर प्रदेश पुलिस पूरी तरह सत्ताधारी पार्टी की गुलाम हो चुकी है। अमिताभ ठाकुर ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए आशुतोष रघुवंशी को निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस पर पीलीभीत पुलिस ने बताया है कि क्षेत्राधिकारी नगर को संपूर्ण प्रकरण की जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हमने कहा था मिट्टी में मिला देंगे, मिला दिया : संजय चौधरी

संवाददाता, लखनऊ। एनकांटर में एक बदमाश ढेर होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी ने कहा कि निश्चित तौर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की यह बड़ी सफलता है। उत्तर प्रदेश पुलिस चार राज्यों में आरोपियों की तलाश कर रही थी। हमने दिखा दिया कि हम किसी को नहीं बताएंगे। हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला दिया जाएगा ।हमने मिट्टी में मिलाना शुरू कर दिया है ।किसी को भी नहीं छोड़ा जाएगा। शुक्रवार को विधायक राजूपाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनके एक गनर को घर के सामने ही 4 से 5 बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी ।इस दौरान बदमाशों ने बमबाजी भी की थी। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दिखाई दे रहा है कि उमेश पाल के गाड़ी से उतरते ही हथियारों से लैस बदमाश उन पर फायरिंग करना शुरू कर देते हैं। बदमाश उमेश को घर में घुसकर गोली मारते हैं, जिससे उनकी मौत हो गई। इस मामले में अतीक अहमद पर हत्या की साजिश का आरोप लगा है।

## किसानों का सहारा लेकर कसाइयों को बचाना चाहता है विपक्ष : धर्मपाल सिंह

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को राज्य विधानसभा में आरोप लगाया कि विपक्ष किसानों का सहारा लेकर कसाइयों को बचाना चाहता है। विधानसभा के बजट सत्र में, प्रश्ध्न काल के दौरान सोमवार को कांग्रेस की आराधना मिश्रा श्मोना ने राज्य सरकार से किसानों के फसलों को छुट्टा जानवरों से बचाने के लिए ठोस और सार्थक नीति बनाने की मांग की। उन्होंने किसानों द्वारा खेतों में लगाये गए कटीले और धारदार तार को सरकार द्वारा प्रतिबंधित किये जाने का विषय भी उठाया। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने अपने जवाब में कहा, विपक्ष किसानों का सहारा लेकर कसाइयों को बचाना चाहता है। इस पर, विपक्षी सदस्यों ने नाराजगी जताई, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शोरगुल कर रहे विपक्षी सदस्यों को शांत कराने की कोशिश की। राष्ध्ट्रीय लोकदल(रालोद) के राजपाल सिंह बालियान और समाजवादी पार्टी (सपा) के स्वामी ओमवेश तथा अनिल कुमार ने भी किसानों से जुड़ा यह मुद्दा उठाया। बालियान ने सवाल किया कि क्या सरकार किसानों के नुकसान की भरपाई करेगी। सपा के अवधेश प्रसाद समेत अन्य सदस्यों ने सांड के हमले से किसानों की मौत होने पर आर्थिक अनुदान प्रदान करने की मांग की। वहीं, पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने कहा कि कंटीले तार से गोवंश को खरोंच लगती है, इसलिए किसान रस्सी जैसे तार का उपयोग कर सकते हैं। सिंह ने एक अन्य प्रश्ध्न का जवाब देते हुए कहा कि दो जनवरी, 2019 के शासनादेश के जरिये प्रदेश के समस्त ग्रामीण, शहरी स्थानीय निकायों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना तथा संचालन नीति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 303 स्थायी वृहद गो संरक्षण केन्द्र की स्ध्थापना की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री निराश्रित-बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत निराश्रित-बेसहारा गोवंश को इच्ध्छुक कृषकों,पशुपालकों,अन्य व्यक्तियों को सुपुर्द कर निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है।

## रामपुर सीआरपीएफ कैंप में हमले का मामला

संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ की एनआईए कोर्ट ने 2007 में रामपुर जिले में सीआरपीएफकैंप पर हमला करने वाले तीन आतंकियों को साल की सजा और 5000 का जुर्माना लगाया गया है। साल 2007 में यूपी के रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमले के तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है। नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी के स्पेशल कोर्ट ने ये सजा सुनाई है। इस मामले में सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया गया था। जांच में कई आतंकी पकड़े गए थे जिनके पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद और एके-47 भी मिली थी। इस मामले में दोषियों की तरफ से सजा मिलने से पहले नरमी बरते जाने की अपील की गयी थी। पूरे मामले में सबूतों और गवाहों के आधार पर दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है। रामपुर सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पर 2007 और 2008 की मध्य रात्रि में हुए आतंकी हमले के मामले में एडीजे थर्ड की अदालत ने सजा सुनाई है। यह मुकदमा पिछले 11 साल 10 महीने से अदालत में चल रहा था जिसमें 56 से अधिक गवाहों को प्रॉसीक्यूशन में पेश किया तमाम सबूत और दलीलें पेश किए जिनके आधार पर अदालत में फैसला सुनाते हुए 4 लोगों को फांसी की सजा सुनाई है।

## आईसीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू, करीब 12 हजार स्टूडेंट्स ने दिया एग्जाम

संवाददाता



लखनऊ। आईसीएसई यानी काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन की बोर्ड परीक्षा की शुरुआत हुई। 10वीं में इंग्लिश लैंग्वेज का पेपर रहा। सुबह 11 बजे परीक्षा शुरू हुई और 2 घंटे बाद एग्जाम खत्म हुए। सुबह 10.30 पर स्टूडेंट्स को एग्जाम सेंटर्स पर एंट्री दी गई। पहला बोर्ड एग्जाम होने के कारण स्टूडेंट्स भी थोड़ा नर्वस दिखें। हालांकि ज्यादा केंद्रों पर बोर्ड और स्कूल की तरफ व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त नजर आई। अनएडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि 10.45 पर प्रश्नपत्र बांटे गए थे। स्टूडेंट्स को इसे पढ़ने के लिए 15 मिनट का अलग से समय दिया गया था। आईसीएसई बोर्ड की सिटी कन्वीनर डॉ. गीतिका कपूर ने बताया कि करीब 12 हजार स्टूडेंट्स ने 109 परीक्षा केंद्रों पर एग्जाम दिया। सभी जगह एग्जाम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। पहला दिन होने के कारण स्टूडेंट्स थोड़ा नर्वस दिखें पर एग्जाम देने के बाद राहत में भी नजर आए। 10वीं के एग्जाम करीब एक महीने तक चलेंगे।

## ब्रेकथ्रु इंडिया ने आसमान अभी बाकी है कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

लखनऊ। बक्शी का तालाब ब्लॉक में ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा किशोर-किशोरी सशक्तिकरण को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लिंग आधारित भेदभाव एवं लड़कियों के सपनो को पूरा करने और किशोर-किशोरियों के जीवन में ये हुए बदलाव को लेकर बात की गई। इस कार्यक्रम मे कठवारा, खेरवा,रमगढ़ा,हरदौरपुर समेत 15 गाँवों के किशोर-किशोरियों एवं उनके माता-पिता ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग के सदस्य डॉक्टर सुचिता चतुर्वेदी ने कहा कि बाल संरक्षण आयोग बच्चों के विषय में प्रत्येक मामले में बच्चों के हित को सर्वोपरि रखने के लिए सदैव तत्पर है एवं ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा किशोर-किशोरियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए एवं उनके जीवन को सुरक्षित बनाने को लेकर बेहतर प्रयास कर रही है। इससे लोगों के जीवन मे बदलाव हो रहा है और उनके सोचने का तरीका बदल रहा है। बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने आयोग द्वारा बच्चों के साथ उनके सुरक्षित जीवन बनाने के लिए ब्रेकथ्रू की मुहिम में अपना साथ मजबूत तरीके से देने की बात कही । इस अवसर पर बक्शी का तालाब ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख मोनू सिंह ने लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के लिए किशोर-किशोरियों के माता पिता को लड़कियों के साथ सहयोग करने की बात कही। स्वयं सहायता समूह की कठवारा के समूह द्वारा मुम्बई में अपने उत्पाद बेचने को लेकर ब्लॉक से सहयोग देने की मांग की जिसको लेकर ब्लॉक प्रमुख मोनू सिंह ने अधिकारियों से बात करके मुम्बई में जाने वाले लोगो को पूर्ण सहयोग देने की बात कही। मनरेगा के डिप्टी कंमिशनर सुखराज बन्धु ने कहा कि लड़कियों की शिक्षा के लिए यह जरूरी है कि परिवार उनका सहयोग करे और लोग लड़कियों की सुरक्षा के लिए सतत प्रयास करें जिससे किशोरियाँ जीवन मे आगे बढ़ सकें। इस कार्यक्रम में किशोरियों ने अपने प्रयासों से क्या बदलाव किया इसको भी बताया जिसमें खेरवा की रागिनी ने गाँव के स्कूलों मैं या रही ड्राप आउट की समस्या को लेकर बताया एवं अपने जीवन मे ब्रेकथ्रू के साथ आने के बदलाव को बताया ।इस कार्यक्रम में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय बक्शी का तालाब की बालिकाओं ने लिंग भेदभाव को रोकने के लिए कार्य्रकम प्रस्तुत किए।

## उत्तर प्रदेश भूजल सम्मलेन का हुआ आयोजन ,जल शक्ति मंत्री ने कहा जल को बचाना है इसलिये भूजल स्तर बढ़ाना है



संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उत्तर प्रदेश भूजल सम्मलेन का शुभारंभ करते हुए कहा कि जल को बचाना है इसलिये भूजल स्तर बढ़ाना है। भूजल को बढ़ाने और उसके संरक्षण के लिये गांव के लोगों की सोच बदलनी होगी। जल संचय के अलावा कोई विकल्प नहीं है। जिससे भूजल को बचाया जा सकता है ।दयालबाग रिसोर्ट, सुशांत गोल्फ सिटी, अमर शहीद पथ पर सस्टेनेबल ग्राउंड वाटर मैनेजमेंट एंड फ्यूचर विषय पर आयोजित सम्मेलन में जल शक्ति मंत्री ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकारें जल संरक्षण के लिये पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। सम्मेलन में देश भर से आए वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, छात्रों, इंजीनियरों, स्वयंसेवी संस्थानों के विषय विशेषज्ञों को विश्वास दिलाया। उत्तर प्रदेश की सभी नदियां सुरक्षित और भूजल संरक्षित रखेंगे। जल शक्ति मंत्री ने कार्यक्रम मे संबोधन करते हुए कहा कि भूजल को बचाना हम सबकी संयुक्त जिम्मेदारी है। राज्य सरकार जल संरक्षण के विषय पर गंभीर है। इससे संबंधित कार्यक्रम जैसे वर्षा जल संचयन, भूजल संरक्षण को प्राथमिकता पर रखा गया है। भूजल का स्तर बढ़ाने के लिये दो बड़े अभियान 'अमृत सरोवर' और 'खेत तालाब' शुरू किए गए है। बुंदेलखण्ड का जिक्र करते हुए कहा कि ष्खेत में मेड़ और मेड़ पर पेड़, खेत का पानी खेत में, घर का पानी घर में चले अभियान से बुंदेलखण्ड के कई जनपदों में जल स्तर ऊपर आया है। स्वच्छ भारत अभियान की तरह जल संरक्षण अभियान को भी आगे बढ़ाना होगा। भूजल चिंता का बड़ा विषय है, इस पर मिलकर काम करने की जरूरत है। इसके लिये लोगों की सोच बदलनी होगी, जब तक सोच नहीं बदलेगी काम नहीं चलेगा। भूजल संरक्षण के लिये निरंतर प्रयास और अपने जैसे लोगों का निर्माण करना होगा। कार्यक्रम में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिव राजेश कुमार पाण्डेय ने जल शक्ति मंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में विभाग के समस्त वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री की भाषा स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मर्यादित नहीं : कांग्रेस



संवाददाता, लखनऊ। प्रदेश की कानून व्यवस्था मुखिया (मुख्यमंत्री) के भाषा एवं कार्यप्रणाली पर निर्भर करता है। जिस प्रदेश के मुख्यमंत्री की भाषा ''ठोक देंगे'' तथा '' मिट्टी में मिला देंगे'' जैसी होगी यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मर्यादित नहीं है। अपराधियों पर निश्चित रूप से कठोर कार्यवाही होनी चाहिए परन्तु इसमें पक्षपात भी नहीं होना चाहिए। उत्तर प्रदेश में बहुत लंबे समय तक कांग्रेस ने सरकार चलाई कई मुख्यमंत्री हुए अपराध नियंत्रित रहा लेकिन भाषा सदैव मर्यादित रही। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने कहा कि जनपद कानपुर देहात की दर्दनाक घटना अभी ठंडी भी नहीं हो पाई थी कि प्रयागराज में वकील और गनर की हत्या ने एक बार फिर प्रदेश को झकझोर कर रख दिया। जौनपुर में बेखौफबदमाशों ने पत्रकार देवेन्द्र खरे को कार्यालय में घुसकर गोली मारी जो उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की पोल खोलता है। मुख्यमंत्री के बड़बोलेपन से नहीं बल्कि मजबूत संकल्प से अपराध रूकता है। प्रदेश में हो रही लगातार घटनाएं गंभीर चिन्ता का विषय हैं। श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि भाजपा द्वारा बार-बार डबल इंजन की सरकार कहा जाता है, लगता है कि अपराध भी डबल हो गया है। अन्याय, उत्पीड़न जहां चरमोत्कर्ष पर है वहीं अपराधियों द्वारा बेखौफहोकर आएदिन घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। जनपद उन्नाव के सफीपुर में 15 वर्ष की छात्रा को दबंगों द्वारा अगवा किया जाना तथा पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर हत्या कर शव को फेंक देना क्रूरता की पराकाष्ठा को दर्शाता है। इसी तरह से जनपद चन्दौली के चकिया में तथा लखनऊ के मोहनलालगंज में छात्रा से छेड़छाड़ ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' भाजपा सरकार की दावे की पोल खोलती है ।श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की भी स्थिति कम गंभीर नहीं है। पूरे प्रदेश के अस्पतालों में पैरामेडिकल स्टाफसहित डॉक्टरों की कमी चिन्ता का विषय है। प्रदेश सरकार एवं मुख्य विपक्षी दल की नूराकुश्ती जो विधानसभा में देखने को मिलती है लगता है कि प्रदेश की आवाम से इनका कोई लेना-देना नहीं है।

## रालोद ने किसानों की समस्याओं की ओर खींचा राज्यपाल का ध्यान

संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कुक्कुट उद्योग से जुड़े व्यापारियों तथा अन्य व्यापारियों की समस्याओं को लेकर विगत 17 दिसंबर को राज्यपाल से मिलकर सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन का ज्ञापन सौंपा था जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया था। उसको संज्ञान लेते हुये प्रशासन ने यूपी के जिला धिकारियों को जनसामान्य को गुणवत्ता युक्त अण्डे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा जनस्वास्थ्य एवं कुक्कुट विकास सुनिश्चित किये जाने के आदेश दिये हैं ।रोहित अग्रवाल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन का संज्ञान ग्रहण करते हुए शासन द्वारा आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा प्रख्यापित कुक्कुट विकास नीति-2013 अन्तर्गत प्रदेश में काफी संख्या में पोल्ट्री फार्म स्थापित किये गये हैं इसके अतिरिक्त निजी स्रोतों से भी प्रदेश में कुक्कुट फार्म संचालित हैं। अन्य प्रदेशों से भी अण्डों का आयात प्रदेश में हो रहा है। लम्बी दूरी तक बंद वाहन में परिवहन से अंडों की गुणवत्ता खराब हो जाती है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 में विद्यमान व्यवस्थानुसार कोल्ड स्टोरेज,कोल्ड रूम में परिरक्षित किये जाने वाले अण्डों पर अमिट स्याही से उत्पादन तिथि एवं उत्पादन स्थान अंकित किया जायेगा ।रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने राज्यपाल को धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि इसी तरह से प्रदेश में एक तरफ किसान अपनी फसल का मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं ,दूसरी तरफ सरकार की नीतियों के चलते डाटा के अनुसार फ्लोर मिल और राइस मिलों की संख्या लगातार घट रही है, देश की आर्थिक व्यवस्था में कृषि और व्यापार बड़े पैमाने पर सहयोग करते हैं ऐसे में खाद्यान्न फैक्ट्रियों का लगातार घटना चिंताजनक है। उन्होंने राज्यपाल से आशा की है कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए हस्तक्षेप करते हुए प्रदेश सरकार को निर्देशित करेंगी।

CMYK

# हरे भरे पेड़ो पर दिनदहाड़े चल रहा आरा वन विभाग की मिलीभगत से हो रहा कटान

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई । शाहाबाद सरकार द्वारा पर्यावरण के नाम पर जहाँ अरबों रूपये प्रचार प्रसार सहित पौधरोपण कार्यो के लिए खर्च किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत नगर सहित गाँव गाँव वृहद स्तर पौधारोपण कराया जा रहा हैं। ताकि देश व प्रदेश हरा भरा हो और लोगों को प्राकृतिक ऑक्सीजन समेत फल फूल मिल सके, वही समाजसेवी संगठनों द्वारा सोशल मिडिया से लेकर बैठकें कर सभी से एक वृक्ष लगाने की अपील की जा रही हैं। लेकिन इस सबके बावजूद लकड़ी ठेकेदारों की शनि रूपी निगाहें व विभागीय सांठगांठ के चलते हरे भरे पेड़ों पर दिन दहाड़े आरा चलाया जा रहा हैं। जो भविष्य में आम-जनता के लिए जानलेवा साबित होगा। इस धंधे में वन विभाग के एक कर्मी की मिलीभगत हर किसी की जुबान पर है। इस धंधे में क्षेत्र की आरा मशीनों का भी बड़ा रोल है। क्षेत्रीय लकडकट्टे प्रतिबंधित हरे पेड़ कटकर सीधे आरा मशीनों पर लेकर आते हैं जहाँ बोटो को शक्ल बदल दी जाती है। गौरतलब है कि यह क्षेत्र फलपट्टी के रूप में प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित है। यहां सरकार भी बागवानी को बढ़ाने के लिये विभागीय योजना के तहत प्रोत्साहन देती है। लेकिन लकड़ी के ठेकेदारों का एक बड़ा रैकेट क्षेत्र की हरियाली को पलीता लगाने में लगा हुआ है। इन प्रतिबंधित प्रजातियों के उन्हीं पेड़ों को अनुमति लेकर काटा जा सकता है, जो सूख चुके हो और फल न लगते हो लेकिन इसी की आड़ में हरे पेड़ों पर ठेकेदारों का आरा चलता है। यही नहीं पांच पेड़ों की अनुमति लेकर 50 पेड़ काटने का धंधा भी यही रैकेट करता है। वही अवैध खनन हो या लकड़ी कटान इसमें इस्तेमाल किए जाने वाले वाहनों में नम्बर तक अंकित नहीं होता। इस बाबत जब संबंधित वनरेंज अधिकारी से बात करने की कोशिश की तो पहले उनका फोन काफी देर तक उठा नहीं जब बात हुई तो उनकी और से कार्यवाई करने का भरोसा दिया गया।

# दलित किशोरी को भगा ले गया युवक

## दोनो कोल्ड में आलू बिनने का करते थे कार्य

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




हरदोई। कोतवाली शाहाबाद क्षेत्र के एक ग्राम में एक दलित युवती को नगर के एक मोहल्ले का युवक अपने जाल में फंसाकर भगा ले गया।दोनो शाहाबाद के एक कोल्ड स्टोर में आलू बिनने का कार्य करते थे।युवती की होली बाद शादी होने वाली थी।घटना के बाद किशोरी की माँ की ओर से कोतवाली में नामजद तहरीर दी गयी है। शनिवार को एक गांव निवासी दलित किशोरी को कस्बा शाहाबाद के हाता निवासी समुदाय विशेष का एक युवक सोनू पुत्र नईम शाह अपने भाई और बहन के साथ मिलकर एक षड्यंत्र के तहत भगा ले गया।आरोप है कि उसे लालच व प्रलोभन देकर युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसाया और शनिवार की शाम 5 बजे किशोरी को लेकर चम्पत हो गया।किशोरी की मां का कहना है कि उसकी पुत्री घर से लगभग 2 लाख का जेवर और नगदी भी साथ ले गयी है।किशोरी की मां द्वारा बताया गया है कि उसकी पुत्री कस्बे के एक कोल्ड स्टोरेज में आलू बीनने का कार्य करती थी।आरोपी युवक भी उसी कोल्ड स्टोरेज में काम करता था।इस दौरान दोनों की मुलाकात भी होती रहती थी।किशोरी की मां द्वारा दी गई तहरीर में यह भी बताया गया कि उसकी पुत्री की शादी होली के बाद होनी थी।शादी के लिये सामान और जेबर आदि घर में खरीद कर रखे गये थे।तथा एक लाख से अधिक नगदी का भी इंतजाम किया गया था।किशोरी की मां ने बताया कि उसका पति दिल्ली में प्राइवेट काम करता है तथा वह होली में घर आने वाला था।इससे पहले ही आरोपी युवक उसकी पुत्री को भगा ले गया।घटना की जानकारी मिलने पर उसका पति रविवार को सुबह दिल्ली से घर आया और कोतवाली में आरोपी युवक सहित उसके भाई और बहन के खिलाफ नामजद तहरीर दी गयी है।

# प्रेम -प्रसंग के चलते युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई । हरपालपुर इलाके में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवती ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली है। प्रेमी व उसके परिवारी जनों के गाली गलौज व धमकियों से आहत होकर घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।हरपालपुर थाना क्षेत्र के भटौली धारम गांव निवासी विश्राम वर्मा की लगभग 19 वर्षीय पुत्री पूनम वर्मा का गांव के ही वैभव पाल पुत्र शिवराज पाल के साथ प्रेम सम्बन्ध चल रहा था। जिसके चलते युवती के पिता ने युवती की शादी जनपद कन्नौज के थाना गुरसहायगंज के गांव मदार में तय कर दी थी स जिसकी 03 मई को बारात आनी थी। रविवार की रात युवती के पिता ने प्रेमी वैभव को अचानक अपने घर पर देख लिया। जिसके चलते युवती के पिता वैभव पाल के घर वालों से शिकायत करने गए तो वैभव के परिवार के सोनू व मोनू पुत्रगण सरनाम व बबलू पुत्र रतीराम ने लाठी डंडो से लैस होकर उसके घर पर आकर गाली गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। लोक लाज की वजह से युवती के पिता विश्राम ने इस बात की सूचना थाने पर नहीं दी। जिससे कि उस की बिटिया की शादी का रिश्ता ना टूट जाए। उसी बात से आहत होकर किशोरी ने मंगलवार की सुबह घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उस समय उसके पिता खेतो की रखवाली करने गए थे तथा मां जानवरो के पास चली गयी थी। मृतका तीन भाई बहनों में सबसे बड़ी थी तथा इसका भाई रोहित मार्ग दुर्घटना में घायल होने से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती है। जहां अन्य सभी परिवारी जन उसके साथ थे। उधर घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।एएसपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रेम -प्रसंग के चलते युवती ने आत्महत्या की है। जिसमें प्रेमी के परिजनों पर घर में घुसकर धमकी देने का आरोप है। जिसके चलते युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



# हरदोई के लाल पर्वतारोही अभिनीत ने बनाया रिकॉर्ड

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई । कछौना थानांतर्गत ग्राम सांता आंट-सांट निवासी मशहूर पर्वतारोही अभिनीत कुमार मौर्या ने जिलाधिकारी से मुलाकात की जिलाधिकारी ने अभिनीत की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि अभिनीत ने ग्रामीण पृष्ठभूमि से आकर वास्तव में जनपद, राज्य एवं राष्ट्र का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। उन्होंने प्रशासन की ओर से हर सम्भव सहायता का आश्वासन अभिनीत को दिया। उन्होंने पर्वतारोही अभिनीत को केदारकंठा चोटी पर चढ़ाई कर रिकॉर्ड बनाने के लिए प्रशंसा की तथा मेडल पहनाकर सम्मानित किया। अभिनीत के पिता चंद्रपाल मौर्या कृषक हैं। उन्होंने सदैव अपने पुत्र को प्रोत्साहित किया। अभिनीत अभी तक जम्मू-कश्मीर की टेबलटॉप चोटी (ऊँचाई 12500 फीट), जम्मू-कश्मीर के द्रास स्थित माउन्ट मचोई ( ऊँचाई 17907 फीट) तथा उत्तराखंड की केदार कंठा चोटी पर चढ़ाई कर चुके हैं। केदार कंठा चोटी की चढ़ाई उन्होंने मात्र 3 घंटे में पूरी की जो कि एक रिकॉर्ड है। अभिनीत 8848 मीटर ऊँचाई वाली विश्व की सबसे ऊँची चोटी पर चढ़ाई करने की तैयारी कर रहे हैं। उनका चयन एशियन ट्रैकिंग एजेंसी नेपाल में हो चुका है। उन्होंने माउंटेन ट्रैकिंग का प्रशिक्षण जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग पहलगाम से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अभिनीत की हाईस्कूल की शिक्षा गाँधी इण्टर कॉलेज बेनीगंज से तथा इंटरमीडिएट की शिक्षा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कछौना से हुई। उन्होंने श्रीमती माधुरी देवी पटेल महाविद्यालय कछौना पतसेनी से स्नातक किया है। अभिनीत वर्तमान में डॉ भीमराव अम्बेडकर आईटीआई इंस्टीट्यूट लखनऊ से आईटीआई के छात्र हैं। वे अपनी उपलब्धियों के लिए अपने परिवार व दोस्तों को श्रेय देते हैं।

# पशु चिकित्सालय के निर्माण हेतु राजस्व विभाग ने किया जमीन का चिह्नीकरण

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। शासन के निर्देश पर क्षेत्र के चंदापुर गांव में प्रस्तावित पशु चिकित्सालय के निर्माण को जहाँ राजस्व विभाग नें जमीन चिन्हित कर ली वहीं पशु चिकित्सा विभाग नें चिन्हित जमीन को अधिग्रहित कर शासन को अवगत कराया है। बताते चले की चंदापुर राजा के अथक प्रयासों की बदौलत क्षेत्र के चंदापुर को पशु चिकित्सालय मिलने की वर्षों पुरानी आस पूरी होती नजर आ रही। मालूम हो की मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा सरकार के शीर्ष नेतृत्व का चंदापुर राजा कौशलेंद्र सिंह के मधुर संबंधों के चलते चंदापुर क्षेत्र संवरता दिखाई पड़ रहा। विगत दिनों चंदापुर गांव में पुलिस चौकी निर्माण, जनई स्थित सीता राम मंदिर का सौंदर्यीकरण किए जाने के बाद चंदापुर गांव में प्रस्तावित पशु चिकित्सालय निर्माण को लेखपाल विपिन मौर्य द्वारा गाटा संख्या 846 स्थित एक बीघा भूमि चिन्हित कर ली गयी। मंगलवार को चिन्हित जमीन के निरीक्षण को पहुंचे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कुमार, पशु चिकित्सक डा.सुरेश चंद्रा, डा.पी के शर्मा द्वारा उपरोक्त जमीन की एनओसी भी जारी कर दी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.अनिल कुमार नें बताया की चिन्हित भूमि को अधिग्रहित कर शासन को अवगत करा दिया गया है, बजट आते ही विभाग की देख रेख में पशु चिकित्सालय का निर्माण शुरू कराया जाएगा। इस दौरान पशु चिकित्सालय का निर्माण किए जाने की बात को लेकर ग्रामीणों एवं क्षेत्रीय लोगो द्वारा चंदापुर राजा कौशलेंद्र सिंह के प्रति आभार प्रकट किया है।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, खीरों, रायबरेली। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के भीतरगाँव गाँव में सोमवार की रात एक 18 वर्षीय किशोरी अज्ञात कारणों से घर के अन्दर पंखे के हुक से दुपट्ट के सहारे फांसी पर झूल गई। सुबह जानकारी होने पर परिजनों और पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के भीतरगाँव गाँव में सोमवार की रात एक 18 वर्षीय किशोरी नेहा पुत्री राकेश कोरी ने अज्ञात कारणों से घर के अन्दर पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटक कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के समय मृतका के घर पर कोई नही था। माँ और एक भाई निमंत्रण में रिस्तेदारी में गये थे छोटा भाई पड़ोस के गाँव में निमंत्रण में गया था।पिता और दो बड़े भाई पंजाब में ईंट भट्ठे पर नौकरी करते हैं। सुबह घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष इन्द्रपाल सिंह ने बताया कि आत्महत्या का कारण सामने नही आया है,रिपोर्ट आने पर अग्रिम विधिक कार्यवाई की जाएगी।

## मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, खीरों रायबरेली। थाना क्षेत्र गुरुबख्श गंज के गांव नौगवां मजरे मेरामऊ निवासी युवक की मार्ग दुर्घटमा में मौत हो गयी ।दूसरा लखनऊ निवासी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।मृतक के शव को कब्जे में लेकर बछरावां पुलिस ने पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। नौगवां निवासी गुलशन यादव(20) पुत्र राम बहादुर अपने लखनऊ निवासी साथी के साथ बछरावां थाना क्षेत्र के गांव समोधा बारात गया था ।रात के लगभग दो बजे बाइक से वापस घर आ रहा था ।तभी समोधा से कुछ दूरी पर उसकी बाइक आवारा सांड से टकरा गई ।जिससे दोनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए ।सूचना पर पहुंची बछरावां पुलिस जबतक दोनों को अस्पताल पहुँचाती देर हो चुकी थी ।अस्पताल पहुँचने से पहले ही गुलशन की मौत हो चुकी थी ।दूसरे साथी का इलाज चल रहा है ।मृतक गुलशन लखनऊ के एक निजी विद्यालय से आई टी आई कर रहा था ।मौत की सूचना गाँव पहुंचते ही कोहराम मच गया ।मां व छोटे भाई श्रवण सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।एसओ बछरावां नारायण कुशवाहा ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।रिपोर्ट आने पर अग्रिम विधिक कार्यवाई की जाएगी।

## ट्रक की टक्कर से टक्कर अर्द्धविक्षिप्त महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। सड़क पार कर रही अर्ध विक्षिप्त महिला की ट्रक से टक्कर लगनें से मौके पर मौत हो गयी। ग्रामीण की तहरीर पर कोतवाली पुलिस नें शव का पोस्टमार्टम करा अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। बताते चले क्षेत्र के सोथी गांव निवासी सुनीता 52 वर्ष पत्नी रामसेवक मंगलवार की दोपहर महाराजगंज रायबरेली मार्ग से गुजर गांव के ही मनोज सोनकर के घर जा रही थी। तभी अचानक रास्ते से तेज गति से गुजर रहे ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी । मौके पर ही महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना होते ही ट्रक चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं सोथी गांव निवासी मनोज सोनकर पुत्र धनीराम की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित ट्रक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर का चौंपियन एसोसिएशन ने किया आयोजन

संवाददाता, हरदोई शाहाबाद समाजसेवी संस्था चौंपियन एसोसिएशन फॉर आइडियल मूवमेंट की ओर से मो0 चौक स्थित आरोग्यमेव जयते क्लीनिक में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन डॉ अमित कुमार पाठक के संचालन में किया गया ।शिविर में विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजो को निशुल्क परामर्श के साथ दवाओं का वितरण भी किया ।संचालक डॉ अमित कुमार पाठक ने बताया कि इस निशुल्क कैम्प में लगभग 110 मरीजो को निशुल्क परामर्श के साथ निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया ।और उन्होंने बताया कि जरूरतमंद मरीजो की सुविधा के लिये प्रत्येक महीने के अंतिम दिन यह नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर दवाओं का वितरण किया जायेगा ।इसके साथ ही विभिन्न मरीजो की ब्लड प्रेशर,ब्लड शुगर आदि की जांचे भी की गई ।उन्होंने कहा कि चिकित्सा को सेवा मानकर जरूरतमंद लोगो की मदद करना चाहिये और ऐसे निशुल्क शिविरों से गरीब तबके के लोगो को खासी मदद मिलती है। निशुल्क चिकित्सा शिविर से लाभ पाने वाले मरीजो ने इस आयोजनकी सराहना की

## उमराह करने सऊदी अरब गए बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता, हरदोई । पाली सऊदी अरब उमराह करने गए एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया ।बीस फरवरी को कस्बा से 18 सदस्यों का एक जत्था उमराह करने सऊदी अरब के लिए रवाना हुआ था। इसमे कस्बा के इमामचौक निवासी हाजी इरशाद अपनी पत्नी फरहत बेगम के साथ शामिल थे। सोमवार देर रात हाजी इरशाद की संदिग्ध परिस्थितियों में वहाँ मौत हो गई। घटना की सूचना उनकी पत्नी फरहत बेगम ने स्वजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्वजनों के मुताबिक मिट्टी को वही सुपुर्द ए खाक कर दिया गया है।

## अधेड़ की ट्रेक्टर ट्राली के नीचे आने से हुई दर्दनाक मौत

संवाददाता, हरदोई। बिलग्राम कन्नौज रोड पर शाहपुर मोड़ के पास आलू लादकर कन्नौज जा रहे ट्रेक्टर ट्राली के नीचे आने से घाशीराम पुरवा निवासी लवकुश (52) पुत्र बिश्राम की दर्दनाक मौत हो गई ।आपको बताते चलें कि बिलग्राम थानांतर्गत ग्राम घासीरामपुरवा निवासी लवकुश पुत्र विश्राम दुकान से सामान लेकर वापस पैदल घर की तरफजा रहे थे, तभी शाहपुर मोड़ पर बिलग्राम की तरफसे कन्नौज की ओर जा रहे आलू लदी ट्रैक्टर और डबल टायर ट्राली के नीचे आकर कम से कम 10मीटर तक ट्राली के पहिए के साथ घसीटते चले गए, और लवकुश की मौके पर ही मौत हो गई ।घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कुहराम मच गया, जानकारी के मुताबिक मृतक तीन भाईयों में सबसे बड़ा था, और उसके दो बेटा और दो बेटियां हैं बेटियो की सादी हो चुकी है एक बेटे की अभी शादी नहीं हुई है, और लडके बाहर नौकरी करते हैं, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है, मौके पर मौजूद बिलग्राम पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रेक्टर चालक की तलाश जारी है।

## अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए दिया चोरी की घटना को अंजाम

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली ।कोतवाली क्षेत्र के जनई गांव में अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर के पीछे से दीवार फांद कर घर में घुसे चोरों ने चार्जिंग में लगे मोबाइल व कपड़े पार कर दिया। भुक्तभोगी परिवारों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस तहकीकात कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के जनई गांव में सोमवारध्मंगलवार की रात घर के पीछे से दीवार फांद कर घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने हीरालाल पुत्र सुंदर, छत्ता पुत्र दला व बंदे पुत्र देवता के घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। हीरालाल का परिवार जीविकोपार्जन हेतु दिल्ली में है जिससे चोर क्या ले गए पता नहीं चल सका। लेकिन अन्य दो घरों में तलाशी के दौरान अज्ञात चोरों ने ज्यादा कुछ न मिलने पर चार्जिंग में लगे मोबाइल व कपड़े उठा ले गए ।घर के बाहर सोए परिजनों को सुबह चोरी की घटना की जानकारी हुई। भुक्तभोगी परिवार के द्वारा सूचना डायल 112 व कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की तहकीकात कर रही है।

## घर बनाने को लेकर हुये जमीनी विवाद में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के तुर्राबनगर कोड़रा में घर बनाने की जमीन को लेकर विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के पिता व दो पुत्रों पर घर में घुसकर धारदार हथियार व लाठी डंडे से हमला कर अधमरा कर देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के तुर्राबनगर, कोड़रा निवासी लवकेश पुत्र शिवगोविंद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घर बनाने की जमीन को लेकर गांव के ही विपक्षी रामभरोसे पुत्र राम औतार व उनके दोनों लड़के अवधेश यादव व विनोद यादव से विवाद था। जिसमें रविवार को ग्राम प्रधान व अन्य संभ्रांत व्यक्तियों ने फैसला करते हुए समझौता करा दिया। लेकिन दबंग विपक्षीगणों द्वारा समझौता न मानते हुए सोमवार की सुबह धारदार हथियार व लाठी डंडे से लैस हो घर में घुसकर मेरे भाई दिलीप कुमार व बुआ गीता देवी पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।हमले में घायल मेरे भाई को बेहोशी की हालत में जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले में प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## विवाहिता ने ससुरालीजनों पर लगाया दहेज व प्रताड़ना का आरोप

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के कुसमहुरा निवासिनी एक महिला ने पति व सास ससुर समेत पांच पर दहेज के लिए प्रताड़ित करते हुए मारपीट कर घर से भगा देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली पुलिस ने भुक्तभोगी महिला की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के कुसमहुरा निवासिनी नसरीन बानो ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व उसकी शादी चांद अली से हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति, ससुर अनवर अली,सास किस्मतुन निशा,जेठ नवेदुल हसन व जेठानी परवीन बानो आये दिन दहेज के लिए प्रताड़ित करते हुए मारपीट करते थे ।आरोप है कि पूर्व में भी डेढ़ तोले की चौन व चार पहिया गाड़ी के लिए मारपीट करते हुए भुक्तभोगी महिला को उसके मायके मोन मे छोड़ दिया गया। उसके बाद गांव व अन्य लोगों के समझौता कराने के बाद वह ससुराल गई थी। लेकिन बीते रविवार को विपक्षी गणों ने एक बार फिर मारपीट कर उसे घर से भाग दिया और कहा कि दहेज की मांग पूरी न होने तक घर वापस न लौटना। मामले में प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर डीपी एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया

# बाल कृष्ण के नाम करण संस्कार की कथा सुन भाव-विभोर हुये श्रोता

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। क्षेत्र के मोन मजरे गहिरा स्थित राम जानकी मंदिर पर श्री राम श्री कृष्ण महायज्ञ के पांचवें दिन बाल व्यास कृष्ण मोहन ने भगवान कृष्ण के नाम करण संस्कार की कथा सुनाते हुए बताया कि वसुदेवजी की प्रार्थना पर यदुवंसियों के पुरोहित गर्गाचार्यजी ब्रज पहुंचे। उन्हें नंद ने हाथ जोड़कर प्रणाम किया और विष्णुतुल्य मानकर उनकी पूजा की। इसके बाद उनसे नाम करण संस्कार के प्रार्थना की किन्तु गर्गाचार्यजी ने कहा कि ऐसा करने में कुछ अड़चनें हैं। मैं यदुवंशियों का पुरोहित हूं, यदि मैं तुम्हारे इन पुत्रों का नामकरण संस्कार कर दूं तो लोग इन्हें देवकी का ही पुत्र मानने लगेंगे क्योंकि कंस तो पापमय बुद्धि है। वह सर्वदा निरर्थक बातें ही सोचता है। दूसरी ओर तुम्हारी व वसुदेव की मैत्री है। नंदजी ने गर्गाचार्यजी से कहा यदि ऐसी बात है तो किसी एकान्त स्थान में चलकर स्वस्त्ययनपूर्वक इनके द्विजाति संस्कार करवा दीजिए। गर्गाचार्यजी ने वसुदेव से कहा- रोहिणी का यह पुत्र गुणों से अपने लोगों के मन को प्रसन्न करेगा। अत: इसका नाम राम होगा। इसी नाम से यह पुकारा जाएगा। इसमें बल की अधिकता अधिक होगी। इसलिए इसे लोग बल भी कहेंगे। यदुवंशियों की आपसी फूट मिटाकर उनमें एकता को यह स्थापित करेगा, अत: लोग इसे संकर्षण भी कहेंगे। अत: इसका नाम बलराम होगा। अब उन्होंने यशोदा और नंद को लक्ष्य करके कहा- यह तुम्हारा दूसरा पुत्र प्रत्येक युग में अवतार ग्रहण करता रहता है। कभी इसका वर्ण श्वेत, कभी लाल, कभी पीला होता है। पूर्व के प्रत्येक युगों में शरीर धारण करते हुए इसके तीन वर्ण हो चुके हैं। इस बार कृष्णवर्ण का हुआ है, अत: इसका नाम कृष्ण होगा। तुम्हारा यह पुत्र पहले वसुदेव के यहां जन्मा है, अत: श्रीमान वासुदेव नाम से विद्वान लोग पुकारेंगे।

इस पृथ्वी पर जो भगवान मानकर इसकी भक्ति करेंगे उन्हें शत्रु भी पराजित नहीं कर सकेंगे। जिस तरह विष्णु के भजने वालों को असुर नहीं पराजित कर सकते। यह तुम्हारा पुत्र सौंदर्य, कीर्ति, प्रभाव आदि में विष्णु के सदृश होगा। अत: इसका पालन-पोषण पूर्ण सावधानी से करना। इस प्रकार कृष्ण के विषय में आदेश देकर गर्गाचार्य अपने आश्रम को चले गए।

## ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो सवार मां-बेटे की मौत ड्राइवर घायल हो गय

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता, हरदोई नई दिल्ली जाने के लिए ऑटो रिक्शा से कन्नौज जा रहे मां-बेटे सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। ट्रैक्टर की टक्कर से दोनों की मौत, जबकि ऑटो चालक बुरी तरह जख्मी हो गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है ।बताया गया है कि माधौगंज थाने के चुनेमऊ की रेणु देवी सोमवार की शाम को अपने बेटों यश के साथ ऑटो पर चढ़कर कन्नौज जा रही थी ।कन्नौज से उन्हें नई दिल्ली जाना था। लेकिन इसी बीच मल्लावां कोतवाली के जरेरा गांव के पास ट्रैक्टर की टक्कर लगने से ऑटो चढ़ने वाली मां रेनू देवी और उनके बेटे यश की मौत हो गई। जबकि ऑटो ड्राइवर खराब होने से जख्मी हो गया। यह पता ही नहीं चला कि वहां हड़कंप मच गया। उरद्र रेणु के घर वालों को जब दुर्घटना का पता चला तो सभी रोते-बिलखते दौड़ पड़े। इसी बीच पहुंची पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में खाते हुए जख्मी हुए ऑटो ड्राइवर को इलाज के लिए सीएचसी भेजा है। हादसे की जांच की जा रही है।

CMYK

# स्वयं सहायता की महिलाएं लिख रही हैं सफलता की कहानियां

## दिव्यांग पदमा ने सोच बदली सोच,दिखाया जज्बा,बनी आत्मनिर्भर

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

इटावा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूह की कई महिलाएं अपना रोजगार कर न सिर्फ अपने को आत्मनिर्भर बना रही बल्कि अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बना कर सफलता की नई –नई कहानियां भी लिख रही हैं। यह महिलाएं आत्मनिर्भर बन अपने घर का सहारा भी बन रही है समूह के माध्यम से कई महिलाएं छोटे-छोटे उद्योग का सफल संचालन कर अपने उत्पादों को बाजार में बेचकर आर्थिक रूप से भी समृद्ध हो रही है। बकेवर क्षेत्र के ग्राम बेरी खेड़ा की 36 वर्षीय दिव्यांग पदमा कुशवाहा ने भी कोरोना समूह के साथ जुड़कर अपने पैरों पर खड़ी हुई बल्कि एक दर्जन अन्य महिलाओं को भी रोजगार के लिए प्रेरित कर उन्हें भी इस आत्मनिर्भर बनाया।पदमा कुशवाहा 56 प्रकार के अचार अथवा अलग-अलग फलों के मुरब्बा बनाने में पारंगत होकर अपना स्वयं का लघु उद्योग शुरू किया। पदमा बताती हैं कि विगत वर्ष 2020 से पहले एक प्राइवेट जॉब करती थी। उनके पति गोविन्द कुशवाहा जो दिव्यांग हैं। आगरा में प्राइवेट जॉब करते हैं। लेकिन कोरोना काल के बाद पदमा की नौकरी हाथ में नहीं रही। तो खुद ही कोई काम शुरू किया जाए। कि इसी दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विगत वर्ष जनवरी 2021 को वह श्रीकृष्ण स्वयं सहायता समूह से जुड़ी और उसने समूह की अध्यक्ष के रूप काम करना शुरू किया। पदमा ने बताया कि अचार और मुरब्बा बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण लिया उसके बाद समूह से 20 हजार का ऋण लेकर आचार मुरब्बा बंनाने का अपना काम शुरू किया। वर्तमान में 56 प्रकार के अचार और अलग-अलग मुरब्बा उनके द्वारा बनाए जा रहे हैं। उनके अचारों और मुरब्बे में किसी भी तरह का कोई केमिकल प्रयोग नहीं किया जाता है। पदमा ने बताया कि अब अपने उत्पादों को बेचने के लिए गाँव से 2 किलोमीटर दूर स्थित लखना में किराये पर लेकर दुकान खोली है। पदमा बताती है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लगाए जाने वाले मेले और प्रदर्शनी में भी अपने उत्पादों को जाकर बेचते हैं और वहां पर हमारे द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को विशेष सराहना भी मिली। पति के दिव्यांग होने से घर का गुजारा करने में समस्या आयी। दो बच्चे हैं जिनकी पढायी का खर्चा भी है।पदमा बताती है कि उन्होंने



अपनी अब तक दस महिलाओं को समूह से जोड़कर रोजगार के लिए प्रेरित किया। आज वे सभी महिलाएं भी अपने पैरों पर खड़ी हैं। दस में से कुछ महिलाएं दाल का कार्य कर रही हैं कुछ कढाई का तथा कुछ सिलाई का काम करके अपने व परिवार के लिए जीविकोपार्जन का मार्ग बनी हुई हैं। क्योंकि शुरुआत में अधिक आय प्राप्त नहीं होती लेकिन धीरे-धीरे लोगों तक पहुँच होने पर काफी सहायता मिल जाती है। पदमा बताती उनके द्वारा बनाए गए विशेष अचार बाँस,सहजन, आंवला ,टैंटी, सिंघाड़ा, लहसुन की भी मांग शुरू में बिल्कुल नहीं थी अब लोग धीरे-धीरे स्वाद चखने के बाद इन विशेष अचारों की मांग कर रहे हैं।

# छात्र छात्राओं ने दिखाई प्रतिभाएं

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

भरथना,इटावा। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भरथना की शिक्षण संस्था विक्टर पब्लिक इंटर कॉलेज में छात्र छात्राओं ने विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में स्वनिर्मित वर्किंग मॉडल एवं यंत्रों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन संस्था के प्रबंधक रोहन सिंह एवं मुख्य अतिथि कैलाश चंद यादव चेयरमैन एंड प्रिंसिपल पान सिंह कुंवर इंटरनेशनल,डायरेक्टर इंदू सिंह एवं प्रिंसिपल अल्पना केसरवानी द्वारा मां सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करके छात्र एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन किया, बच्चों ने भी उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ अपने-अपने मॉडल के सिद्धांतों को हिंदी एवं इंग्लिश दोनों ही भाषाओं में विस्तृत रूप से जानकारी दी। अतिथियों ने क्लास 8 के सोनू श्रेष्ठ एवं आयुष द्वारा बनाए गए प्रस्तावित राम मंदिर के मॉडल की विशेष रूप से सराहना की,क्लास नाइंथ के प्रियांशु एवं क्लास 8 के शरद द्वारा बनाए गए विंडमिल के मॉडल को भी बहुत पसंद किया गया। वहीं क्लास नाइंथ के ओम त्यागी द्वारा बनाए गए मंगल मिशन के वर्किंग मॉडल को भी बहुत पसंद किया गया। प्राइमरी वर्ग में क्लास सेकंड की नियति द्वारा बनाए वाटर साइकिल के मॉडल एवं उसके द्वारा दिए गए विवरण को बहुत पसंद किया गया,वहीं क्लास फिफ्थ की नैना दिक्षित द्वारा बनाए गए इको सिस्टम और क्लास फोर्थ की समीक्षा व प्रियांशी द्वारा बनाए गए हॉस्पिटल के मॉडल की भी बहुत सराहना की गई इसके साथ साथ क्लास फिफ्थ के हर्षित का वोल्केनो और उत्कर्ष की हाइड्रोलिक लिफ्ट को भी बहुत पसंद किया। अपर के.जी.के राघव द्वारा बेबाकी से फोटोसिंथेसिस के बारे में बोलते देखकर सभी अतिथि सुखद आश्चर्य मे भर गए। प्रिंसिपल अल्पना केशरवानी ने बताया कि सन 1986 से नेशनल साइंस डे प्रत्येक 28 फरवरी को मनाया जाता है,28 फरवरी सन 1928 को प्रसिद्ध भारतीय भौतिक विज्ञानी श्री चंद्रशेखर वेंकटरमण द्वारा प्रकाश के प्रकीर्णन की प्रक्रिया मे विभिन्न प्रकार के मेटेरियल द्वारा अलग अलग पैटर्न प्राप्त होने पर इस प्रभाव को बाद में रमन प्रभाव के नाम से जाना गया,इसके 2 वर्ष पश्चात सन 1930 में उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला अत: आज की पीढ़ी में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने एवं उनके दृष्टिकोण को वैज्ञानिक बनाने के उद्देश्य से इस दिन को मनाया जाता है उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों को एवं सभी शिक्षक जिन्होंने इस महत कार्य में बच्चों का सहयोग एवं मार्गदर्शन किया।

# तम्बाकू व्यवसाई के घर गोदाम प्रतिष्ठानों पर 15 घंटे चली छापामारी

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

भरथना,इटावा। भरथना नगर में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की सी0जी0एस0टी0 एवं सेण्ट्रल एक्साईज के अधिकारियों की टीम ने तम्बाकू व्यवसायी के आवास समेत अन्य प्रतिष्ठानों के अलावा गोदामों पर की गई छापा मारकर कार्यवाही करीब 15 घण्टे तक चली। भोर होने पर प्रात: लगभग 5 बजे अधिकारियों की टीम आगरा वापस लौट गई। बीती सोमवार की दोपहर करीब 2 बजे भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की आगरा से आई सी0जी0एस0टी0 एवं सेण्ट्रल एक्साईज के अधिकारियों ने कस्बा के मोतीगंज निवासी तम्बाकू व्यवसायी अरविन्द चौरसिया के यहाँ छापामार कार्यवाही की गई। जिसमें अधिकारियों ने उनके अन्य प्रतिष्ठानों तथा गोदामों की बारीकी से जांच पडताल की। अधिकारियों की उक्त



कार्यवाही करीब 15 घण्टे तक चलने के उपरान्त मंगलवार की प्रात: 5 बजे पूरी टीम रवाना हो गई। उक्त सम्बन्ध में तम्बाकू व्यवसायी अरविन्द चौरसिया ने बताया कि जी0एस0टी0 विभाग की टीम ने स्टॉक के अनुसार गोदाम में माल कम होने पर उक्त माल बेंच देने की बात कही है। जबकि माल खरीद के बाद अचानक बढी गर्मी के कारण माल सूख जाने के कारण वजन कम हो ही जाता है। अधिकारियों ने दो-चार दिन बाद उनके द्वारा बताये गये आधार पर कम मिले माल की जीएसटी जमा करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने बताया कि अन्य जाँच पडताल में अधिकारियों को कोई कमीं नहीं मिली। जिसके कारण अधिकारियों की जांच टीम संतुष्ट होकर आगरा वापस लौट गई।

# पहाड़ी गांव की प्रोड्यूसर बहु की बेब सीरीज मचा रही धमाल

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

राठ, हमीरपुर। बुंदेलखंड के एक छोटे से गांव से निकली पहली महिला प्रोड्यूसर जागृति राजपूत की बेब सीरीज एक्सप्लोसिव ओटीटी प्लेटफार्म वाचो पर रिलीज होकर धमाल मचा रही है। बुंदेलखंड की पहली महिला डायरेक्टर होने के नाते जागृतिबॉलीवुड जगत में बड़ा नाम कर रही हैं। बताते चलें कि फिल्म इंडस्ट्री में उभरती शख्सियत जागृति राजपूत क्षेत्र के पहाड़ी भिटारी गांव की बहु हैं। उनके पति अरविंद कुमार पेशे से किसान हैं। और आज भी गांव में रहकर खेती करते हैं। जागृति का सफर दिल्ली और दिल्ली से मुंबई तक का रहा। किसान घर की बहु होकर बेब सीरीज की प्रोड्यूसर तक का सफर बहुत ही कठिन था लेकिन कहते हैं ना कि जिसके अरमानों की बस्ती बड़ी हो उसे रास्ता मिल



ही जाता है। और वो रास्ता मिला उसे अपने दादा ससुर अध्यापक हरदयाल के रूप में उन्होंने उसे पढ़ने की आजादी दी। बस मिल गए पंख और शुरू हो गई अरमानों की उड़ान, उरई के दयानंद वैदिक महाविद्यालय से स्नातक करने के बाद गुड़गांव जाकर पत्रकारिता का कोर्स किया और यहीं से संघर्षमय जीवन की शुरुआत की। जब दिल्ली में अखबार, मैगजीन और न्यूज चौनल में जॉब करके भी जब मन को तसल्ली ना मिली तो जागृति ने मुंबई का रुख किया और पहुंच मायानगरी अपने सपनों को पंख देने। मुंबई में घोस्ट राइटिंग की फिर दो सीरियल में अदाकारी में भी हाथ आजमाया उसके बाद 6 सीरियल में बतौर क्रिएटिव काम किया। फिर भी मन को तसल्ली ना मिली तो जागृती ने बतौर प्रोड्यूसर अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू किया और शुरू करते ही पहली सफलता मिली। सिने प्राइम की वेबसीरीज के रूप में जो रुद्राक्षणम् फिल्म्स की पहली सीरीज थी। इसके बाद प्रोमो एडवरटाइजमेंट करते हुए कारवां बढ़ता गया अभी हाल ही में जागृति की वाचो ऐप पर एक्सप्लोसिव वेबसीरीज रिलीज हुई है। जो सस्पेंस थ्रिलर स्टोरी है जो बहुत ही इंट्रेस्टिंग है। जो आज मंगलवार को ही रिलीज हुई है।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना कासिमपुर का वार्षिक निरीक्षण किया

संवाददाता, हरदोई । इस दौरान क्षेत्राधिकार संडीला व प्रभार पर्यवेक्षक कासिमपुर सहित थाने के सभी अधिकारीध्कर्मीगण मौजूद रहते हैं। पुलिस अधीक्षक हरदोई राजेश द्विवेदी द्वारा थाना कासिमपुर जनपद हरदोई का वार्षिक अवलोकन किया गया। सर्वप्रथम गार्द द्वारा पुलिस अधीक्षक को हर दो को सौंपा गया, मालिक के बाद मालिक द्वारा थाने में अभिलेख, कंप्यूटर, अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस, मालखाना, आर्सेनल, बंदीगृह, मेस, जलपान की व्यवस्था, सीज किए गए पर्याप्त रखरखाव, महिला हेल्प डेस्क , थाने पर रखे गए सभी दावों को एवम् थाना परिसर की सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया था, थाने पर मौजूद सरकारी आवश्यकताओं के रखरखाव और उनकी स्पष्ट सफाई पर ध्यान केंद्रित करने के संबंध में निर्देश दिए गए थे, महोदय द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए पहले एड बॉक्स किट को चेक किया गया और थाने पर सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## ब्लॉक कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत को दी भावभीनी विदाई

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। ब्लॉक में एडीओ पंचायत के पद पर कार्यरत रहे सत्यनाम सिंह मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। जिस पर ब्लॉक के कर्मचारियों ने उन्हें अंग वस्त्र व उपहार देकर भावभीनी विदाई दी और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर प्रभारी एडीओ पंचायत अभिषेक शुक्ल, वीरेंद्र यादव, रूद्र प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह, मोहम्मद ईशा, एपीओ आकांक्षा त्रिपाठी, संजीव कुमार जायसवाल, सफाई कर्मी संघ के अध्यक्ष जसवंत यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष धनराज यादव, आनंद पांडेय, आकाश यादव,गोलू सिंह भदौरिया,समेत ब्लाक के कर्मचारी व सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मासूम समेत तीन घायल, दो जिला अस्पताल रेफर

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। गदागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत माफी गांव निवासी युवक बाइक से बहन व भांजी के साथ मौसी के यहां मुंडन संस्कार में सम्मिलित होने आया हुआ था। जहां से वापस घर लौटते अज्ञात वाहन की टक्कर से गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जहां से युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गांव निवासी सुरेश कुमार अपनी बहन रेनू व पांच वर्षीय भांजी जिया को बाइक से साथ लेकर सोमवार की शाम क्षेत्र के कल्यानी गांव स्थित अपनी मौसी के यहां मुंडन संस्कार में सम्मिलित होने आया हुआ था। मंगलवार की दोपहर बाद वापस घर लौट रहा था, तभी कोटिया चित्रा गांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे गिरकर सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को राहगीरों द्वारा एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि घायल अवस्था में तीन लोग सीएचसी आये थे, जिसमें युवक सुरेश कुमार व जिया की हालत नाजुक होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## पीड़ित ने गृह गोपन विभाग को भेजा शिकायती पत्र, एफआई आर दर्ज कराने की मांग

संवाददाता, हरदोई । बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज के अंतर्गत नयागांव मजरा मझिगवां निवासी सुरेंद्र पुत्र जगन्नाथ पासी ने गृह गोपन विभाग को आइजीआरएस के माध्यम से एक शिकायती पत्र भेजा है। मृतक का पीड़ित पिता न्याय पाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। वहीं शिकायती पत्र में बहू रानी का चालो-चलन सही नहीं है तथा बहू समेत चार अन्य परिवारी जनों पर हत्या की आशंका जताते हुए आरोप लगाया है। प्राप्त समाचार के मुताबिक मृतक के पिता ने शिकायती पत्र में कहा है कि मेरा लड़का दुर्गेश गाजियाबाद में रहकर मजदूरी करता था। बीते दिनांक 16 फरवरी 2023 को दुर्गेश गाजियाबाद से मजदूरी करके अपनी पत्नी रानी के मायके ग्राम गेंगलापुर को गया था। दिनांक 18 फरवरी 2023 की रात करीब 10रू30 बजे मेरी बहू रानी ने मोबाइल फोन से कॉल करके बताया कि दुर्गेश मेरे मायके गेंगलापुर से नाराज होकर कहीं चले गए हैं, जिस दौरान मैं उत्तराखंड में मजदूरी कर रहा था। जब मेरा लड़का दुर्गेश घर वापस नहीं लौटा तो दिनांक 20 फरवरी 2023 को मैं उत्तराखंड से अपने गाँव नयागांव को वापस आया। तथा मैं अपने परिजनों समेत मिलकर अपने लड़के दुर्गेश को तलाशने लगा तो लगातार काफी खोजबीन करने के बाद जब मैं अपनी बहू रानी व उसके मायके वालों से बातचीत करने के लिए दिनांक 25 फरवरी 2023 को सुबह करीब 7रू00 बजे ग्राम गेंगलापुर को जा रहा था,तो गेंगलापुर गांव के बाहर पश्चिम तरफसड़क के किनारे नाली में मेरे लड़के दुर्गेश का शव संदिग्ध हालत में पड़ा मिला।तब मैंने परिजनों व पुलिस को सूचना दी, तो मेरे लड़के दुर्गेश के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मेरी बहू रानी का चाल- चलन गलत था। जिससे मुझे शंका है कि मेरी बहू रानी समेत उसके भाई पवन पुत्र पुतान व उसके पिता पुतान पुत्र महिपाल, चचेरे भाई भूपेंद्र पुत्र राम भजन तथा राहुल पुत्र चन्नूलाल सर्व निवासी गण गेंगलापुर थाना बेनीगंज ने मिलकर मेरे लड़के दुर्गेश की हत्या की है।ग्रामीणों ने बताया कि मामले में तो तब नया मोड़ आ गया जब मृतक की पत्नी रानी ने बीते 20 फरवरी 2023 गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक के पिता सुरेंद्र का आरोप है कि बहू रानी समेत उसके ही चार अन्य परिवारी जनों ने ही हत्या करने की आशंका को जताया है।इस संबंध में कोतवाली बेनीगंज अतिरिक्त निरीक्षक मोहनलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले पर गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल में समाचार के लिखे जाने तक उक्त मामले में स्थानीय पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# जिलाधिकारी के तबादले पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ जनपद सुल्तानपुर की टीम अपने जिला सचिव के नेतृत्व में उन्हें भावपूर्ण विदाई दी

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुल्तानपुर। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के तबादले पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ जनपद सुल्तानपुर के जिला सचिव ध्जेल विजिटर अमर बहादुर सिंह के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिलाधिकारी से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर भावपूर्ण विदाई दी द्य इस भावुक क्षण पर अमर बहादुर सिंह ने कहा कि आप के नेतृत्व में जिला का स्वर्ण काल के रूप में व्यतीत हुआ है। अपराध निरोधक समिति के सभी पदाधिकारियों ईश्वर से कामना करते हैं कि जल्द आपका प्रमोशन हो और आप अयोध्या मंडल का कमिश्नर बने और फिर से आपका स्नेह हम



सभी को मिल सकें। समिति के बाकी पदाधिकारियों ने कहा कि आपके यहां से जाने का हम सभी को बेहद दुख हैद्यतहसील सचिव बाल गोविन्द मौर्य बताया कि आपके द्वारा जनपद सुल्तानपुर से लेकर बल्दीराय तहसील क्षेत्र तक जो सहयोग मिला वह अतुलनीय है। वहीं जिलाधिकारी द्वारा आभार जताते हुए बताया कि हम समित के कार्यों की सराहना करते हैं और राजधानी में भी रहकर हम समित का पूरा सहयोग करते रहेंगे! इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अलीमुद्दीन बचन्नू भाई,जिला कोषाध्यक्ष गोपाल चंद्र अग्रहरि, जिला सह सचिव आशीष कुमार तिवारी ,जिला मीडिया प्रभारी विनय सेन ,सह मीडिया प्रभारी डॉक्टर गंगा शरण पांडेय, लक्ष्मणपुर चौकी सचिव डॉ संतोष पाठक ,कंप्यूटर प्रभारी मो. इस्माइल , पारा चौकी मीडिया प्रभारी राहुल दुबे सहित अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध स्थिति में हुई मौत से मचा कोहराम

संवाददाता, भरथना,इटावा। भरथना कोतवाली ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम कर्वाखुर्द से पार्टी करने की बात कहकर दोस्तों के साथ भरथना जाने के उपरान्त रात्रि में अस्वस्थ अवस्था के चलते बिगडी हालत में गांव वापस पहुंचने पर परिजनों द्वारा आनन-फानन में स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया। चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय के लिए रिफर कर दिया। जहाँ देर रात्रि युवक की मौत हो गई। जिससे परिवारीजनों में कोहराम मच गया।
थाना क्षेत्र के ग्राम कर्वाखुर्द (रमायन) निवासी देवेश कुमार ने बताया कि बीती 27 फरवरी की शाम उसका करीब 37 वर्षीय भाई अरूणेश कुमार पुत्र परशुराम दोहरे को उसके दोस्त पार्टी करने की बात कहकर भरथना ले गये थे तथा पार्टी के दौरान उसकी हालत बिगडने पर सभी नामजद दोस्त उसे गांव में अस्वस्थ अवस्था में छोडकर चले गये। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई, तो वह आनन-फानन में उसे उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सालय ले गये। जहाँ डाक्टरों ने जिला चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया। जहाँ देर रात्रि उसके भाई की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक अपने पीछे पत्नी सुमन, 15 वर्षीय पुत्री करिश्मा, 11 वर्षीय पुत्री रौनक, 9 वर्षीय सौम्या को रोता बिलखता छोड गया है। मृतक के भाई ने बताया कि उसका भाई बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता है तथा बीते माह घर पर आया था। वहीं कोतवाल विद्यासागर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना के सम्बन्ध में सही जानकारी हो सकेगी।

# 12 मार्च को होगा प्रखर प्रज्ञा - सजल श्रद्धा लोकार्पण समारोह



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

रायबरेली। गायत्री शक्तिपीठ रायबरेली परिवार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रखर प्रज्ञा - सजल श्रद्धा के लोकार्पण समारोह के संबंध में विचार विमर्श किया गया। प्रखर प्रज्ञा - सजल श्रद्धा को परम पूज्य गुरुदेव पं श्री राम शर्मा आचार्य एवं वन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा का साक्षात् स्वरूप माना जाता है। इस परम पावन शक्ति स्थल के लोकार्पण के बाद श्रद्धालु भक्तगणों परिजनों को ध्यान साधना और दिव्य शक्ति से जुड़कर आत्मबल से परिपूर्ण होने का सुअवसर सदैव मिलता रहेगा। उल्लेखनीय है कि लोकार्पण का पावन दिव्य कार्य देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त प्रखर मनीषी, विचारक, चिंतक परम श्रद्धेय डा चिन्मय पंड्या के कर कमलों द्वारा आगामी 12 मार्च को प्रात: 8रू00 बजे संपन्न होगा। इसी समय गायत्री शक्तिपीठ रायबरेली के सामने से निकलने वाली सड़क का नामकरण पं.श्रीरामशर्माआचार्य मार्ग नाम से लोकार्पण भी होगा। इसके बाद राजकीय इण्टर कालेज रायबरेली मैदान में डा चिन्मय पंड्या व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण जैसे समसामयिक विषयों पर अपना उद्बोधन देकर युवा वर्ग, नारी शक्ति एवं सभी प्रबुद्ध वर्ग को सुगम सरल जीवन का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न आध्यात्मिक ,सामाजिक संस्थाओं, संगठनों, धर्म गुरुओं, विद्यालयों के प्रबंधक, अध्यापक, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार बंधु, रायबरेली एवं पड़ोसी जनपदों से आये हजारों की संख्या में युवा, नारीशक्ति एवं प्रबुद्ध जन भागीदारी करेंगे। तथा दीप महायज्ञ का आयोजन भी राजकीय इण्टर कालेज मैदान में ही संपन्न होगा।

# अवैध मदिरा निर्माण एवं तस्कर के विरुद्ध डीएम ने तैयार किया प्लान

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई। आबकारी राज्यमंत्री के गृह जनपद होने की वजह से आबकारी विभाग अवैध शराब निर्माण की रोकथाम में बिल्कुल ही निष्क्रिय हो गया था। विभाग के द्वारा खानापूर्ति के लिए छोटी मोटी कार्यवाही कर उच्च अधिकारियों से वाह वाही लूटी जा रही थी। सूत्रों की माने तो जनपद के कई क्षेत्रों में अवैध शराब का कारोबार बड़ी मात्रा में हो रहा है। जिसे रोकने के लिए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अवैध मदिरा निर्माण, तस्करी एवं बिक्री की तथा अवैध स्प्रिट, अलकोहल के परिवहन पर अंकुश लगाने तथा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की शतप्रतिशत प्राप्त करने हेतु आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त छ: संयुक्त टीमों का गठन किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि टीम एक में नगर मजिस्ट्रेट एवं टीम दो में उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार सदर के साथ आबकारी निरीक्षक सदर व समस्त स्टाफतथा क्षेत्राधिकारी सदर व संबंधित थानाध्यक्ष को रखा गया है। इसी प्रकार टीम तीन में उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार शाहाबाद, आबकारी निरीक्षक शाहाबाद व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी शाहाबाद व संबंधित थानाध्यक्ष, टीम चार में उप जिलाधिकारीध्तहसीलदार संडीला, आबकारी निरीक्षक व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी सण्डीला व संबंधित थानाध्यक्ष, टीम पांच में उप जिलाधिकारीध्तहसीलदार, आबकारी निरीक्षक व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी बिलग्राम तथा संबंधित थानाध्यक्ष और टीम संख्या छ: में उप जिलाधिकारीध् तहसीलदार सवायजपुर, आबकारी निरीक्षक व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी सवायजपुर एवं संबंधित थानाध्यक्ष को रखा गया है। जिलाधिकारी ने सभी टीमों को निर्देश दिये है कि होली आदि त्यौहारों के दृष्टिगत 01 से 15 मार्च 2023 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर प्रत्येक दिन दबिश करें और प्रभावी प्रवर्तन कार्य हेतु सहायक सम्भागीय परिवहन प्रवर्तन, राज्य कर अधिकारी, प्रभागीय वन अधिकारी तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए यथावश्यक सहयोग लें और पूर्ण मनोयोग से संबंधित थाने से पुलिस बल का सहयोग लेते हुए विशेष प्रवर्तन कार्य करना सुनिश्चित करें और अन्य प्रान्तों की जनपद से लगी सीमा पर विशेष सतर्कता बरते तथा किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न होने दें और अवैध मदिरा कार्य में संलिप्त माफियाओं, तस्करों के विरूद्ध गैंगेस्टर एवं गुण्डा एक्ट के तहत कठोर कार्यवाही करें। उन्होने कहा है कि अभियान के दौरान प्रवर्तन कार्य से जुड़े कार्मिको को कोई अवकाश देय नहीं होगा और विशेष स्थिति में अवकाश पर जाने से पहले जिला आबकारी अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

## पीड़ित विकलांग की जमीन पर दबंगों का कब्जा डीएम से लगाई फरियाद

संवाददाता,हरदोई। टडियावां पीड़ित विकलांग रामचेला पुत्र श्रीपाल के मकान के सामने खाली पड़ी भूमि दबंग बाबूराम शर्मा पुत्र रामदयाल, सेंटू डब्बू सोनू आदि निवासी पड़री थाना टड़ियावां के लोगों के द्वारा जबरन दीवाल उठा कर कब्जा कर लिया गया है।जिससे पीड़ित को आने जाने का रास्ता बंद कर दिया गया है और पीड़ित को निकलने से परेशानी हो रही है।जिसकी शिकायत कई बार उच्चाधिकारियों को दे चुका अभी तक कोई सुनवाही नही हुई है पीड़ित लगातार अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है।इसलिए आज दिनांक 27.2,23 को पुन: जिलाधिकारी मंगला प्रसाद को प्रार्थना पत्र देकर कब्जा मुक्त कराने की फरियाद की है।

# चित्रगुप्त सभा रामबाग का कार्यकारिणी शपथग्रहण समारोह

संवाददाता

कानपुर। श्री चित्रगुप्त सभा रामबाग धर्मशाला की कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह सभा के कार्यालय पर सम्मपन्न हुआ जिसमें उक्त सभा के पदाधिकारीके ने अपना-अपना पद ग्रहण करते हुए संस्था के प्रतिनिष्ठा रखने का उत्तरदायित स्वीकार किया। संस्था के अध्यक्ष प्रतीव निगम द्वारा बताया गया कि रामबाग स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला विगत कई वर्षों से समाज के हर वर्ग के लिये नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध रहता है। श्रीमती उर्मिला निगम जी द्वारा संस्था के अध्यक्ष को संस्था के धर्मशाले में उपयोग हेतु बर्तनों का एक सेट भेंट किया गया। संस्था के मेहन्द्र निगम एवं पंकज निगम द्वारा धर्मशाला के जीर्णोद्धार हेतु शुद्रण योजना बनाकर दो वर्ष में कार्यकारिणी द्वारा कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। वशिष्ठ अतिथि धर्मेन्द्र श्रीवास्तव व मयंक श्रीवास्तव जी द्वारा संस्था को सहयोग करने हेतु आश्वस्त किया गया।इस दौरान प्रमुख रूप हो प्रतीव निगम (अध्यक्ष), प्रकाश श्रीवास्तव ए.के. अजवल, संजय निगम, संजीव श्रीवास्तव, आशीष निगम, गौतम निगम, दीपक निगम, मयंक श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव , महेन्द्र नाथ निगम शरद निगम राकेश खरे, अनिल निगम, मयंक श्रीवास्तव, संजय सक्सेना, कुलदीप निगम, नयन निगम, अनुमन निगम, अशुतोष निगम, सरवन निगम, नीरज निगम, प्रवीण श्रीवास्तव, बृजेश निगम आदि उपस्थित रहे।



## चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवक गिरफ्तार मौके से अवैध वस्तु बरामद

संवाददाता, कानपुर। बिठूर थाना अंतर्गत चेकिंग के दौरान पुलिस , चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवक को पकड़ा मुखबिर खास द्वारा बताया कि साहब लवकुश वाटिका के पास एक मकान है जहाँ पर अराजक तत्वों का आना जाना रहता है तथा यह लोग कोई भी इललीगल एक्टिविटी कर सकते हैं। अगर इनको चेक किया जाए तो कुछ अवैध चीजें बरामद होंगी। मुखबिर की इस सूचना पर विश्वास करके मुखबिर द्वारा बताए गए घर में से दो व्यक्ति घर का दरवाजा खोलकर बाहर की तरफ भागे जिनको पुलिस टेक्टिस का प्रयोग करते हुए 20-25 कदम दौड़ाकर फार्म हाउस में ही पकड़ लिया पकड़े गए दोनों अभिगण 1. विवेक कुमार अवस्थी पुत्र निवास अवस्थी नि0 सुधांशु आश्रम के पास पंकज चौधरी के फार्म हाउस थाना बिठूर कानपुर नगर मूल पता करन सिकन्दरपुर थाना बीघापुर जनपद उन्नाव उम्र करीब 42 वर्ष 2. राहुल अवस्थी पुत्र दिनेश अवस्थी नि0 सुधांशु आश्रम के पास पंकज चौधरी के फार्म हाउस थाना बिठूर कानपुर नगर मूल पता 64/26 गडरिया मोहाल थाना हरवंश मोहाल कानपुर नगर उम्र करीब 33 वर्ष को 10 अदद कार0 12 बोर नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 52/23 धारा 3/25 ए0 एक्ट मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तो को आवश्यक कार्यवाही करते हुये ।

# अर्बन तंदूर रेस्टोरेंट में फैमिली रूम की शुरुआत

संवाददाता

कानपुर। कबाड़ी मार्केट स्थित अर्बन तंदूर रेस्टोरेंट में विशेष फैमिली रूम का शुभारंभ किया गया इस दौरान रेस्टोरेंट्स के एमडी आनंद गौरव ने पत्रकारों को बताया कि हमारे पहले से ही अर्बन रेस्टोरेंट्स लोगों को एक अच्छी सेवा देता आ रहा है और यहां आने वाला हर एक व्यक्ति हमारे स्वादिष्ट व्यंजन को खाकर एक अलग स्वाद प्राप्त करता है यहां आने वाले लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए आज हमने नवनिर्मित एक विशेष फैमिली रूम का शुभारंभ किया है जिसका उद्घाटन शहर के कपूर फैमिली चेस फेडरेशन के अध्यक्ष मुख्य अतिथि संजय कपूर ने फीता काटकर शुभारंभ किया इसके उपरांत पुष्प देकर उनका स्वागत किया सभी का उन्होंने आभार व्यक्त किया हमारे इस फैमिली रेस्टोरेंट और अलग से फैमिली रूम की व्यवस्था करने का एक खास मकसद है लोग अपने परिवार सहित जब किसी रेस्टोरेंट में जाते हैं तो वहां सोचते हैं कि उनको एक ऐसा स्थान मिले जहां वातावरण पूरा शांत और सुकून भरा हो और कई बार अन्य लोगों की वजह से लोग डिनर लंच आदि अपने परिवार के साथ जो लोग आते हैं उसका भरपूर आनंद नहीं उठा पाते ऐसी कई अन्य बातों को ध्यान में रखते हुए हम लोगों ने फैमिली रूम की शुरुआत की है हमारे यहां किटी पार्टी बर्थडे पार्टी कॉन्फ्रेंस आदि कार्यक्रम की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी क्षेत्र निवासियों से कहना चाहूंगा कि हमारे यहां एक बार जरूर आए और हमारे इस नई व्यवस्था का लाभ उठाएं और अर्बन रेस्टोरेंट कि शान बढ़ाएं इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से गौरव आनंद तनु आनंद वीके आनंद उषा आनंद कुणाल आनंद शिवपाल सिंह तेजेंद्र सिंह अजय देव सहित परिवार के सभी वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।



## होली पर खपाने को पैक कर रहे थे नकली शराब, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, कन्नौज। ब्रांडेड कम्पनियों की बोतलों और स्टिकर का इस्तेमाल कर नकली अंग्रेजी शराब तैयार की जा रही थी। मामले की सूचना मिलने पर आबकारी टीम और गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस ने छापेमारी की तो 30 पेटी नकली अंग्रेजी शराब पकड़ी गई। वहीं तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा। वहीं महिला समेत 2 लोगों की पुलिस तलाश कर रही है। होली पर शराब की डिमांड को देखते हुए ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए नकली अंग्रेजी शराब बनाई जाने लगी। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के अनौगी रोड पर अंग्रेजी शराब की दुकान में ब्रांडेड कम्पनियों की बोतलों और रैपर का इस्तेमाल कर अवैध शराब पैक करने का काम चल रहा था। मामले की सूचना मिलने पर आबकारी विभाग की टीम ने गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस की मदद से शाम को छापेमारी कर की। टीम ने 30 पेटियों में अलग-अलग ब्रांड की शराब बरामद की।

## हापुड़ का गढ फाटक बनाता जा रहा है जुआरियों व नशेडियो का अड्डा

संवाददाता, जनपद हापुड़ में जहां सट्टा, जुआरियों व खुलेआम शराब पीने वाले नशेड़ीओ की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है वहीं थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गढ फाटक के पास रेल की पटरियों के बीच में बैठकर मौत को दावत देते हुए प्रत्येक दिन जुआरियों द्वारा जुआ खेला जा रहा है और गढ फाटक क्षेत्र जुआरियों व नशेडियो का अड्डा बनता जा रहा है जुआरियों को नहीं है पुलिस प्रशासन के खौफके डर के साथ-साथ अपनी मौत का डर नहीं है थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गढ फाटक के पास जुआ खेलते हुए कि आजकल वीडियो वायरल हो रही है क्या जुआरियों के खिलाफपुलिस प्रशासन एक्शन लेता है या नहीं ?, जबकि यहां रेल से कटकर कई लोगों की दुर्घटनाएं हो चुकी है और आए दिन जुआरी व शराब पीने के आदी यहां से निकलने वाली महिला को कटाक्ष करते रहते हैं महिलाओं को निकलना हुआ दुश्वार।

## श्री सिद्धबाबा मेला महोत्सव में दंगल एवं प्रतियोगता का हुआ समापन

संवाददाता, महोबा। विकास खंड जैतपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत अजनर में हर वर्ष की भांति इस बार भी मेले का आयोजन किया गया। जिसमे दूर दराज के पहलवानों के साथ क्षेत्रीय पलवानों ने आकर मेले की रौनक बढ़ाई। मेले में पहलवानों ने अपने अपने दाव पेंच दिखा कर लोगों का मन मोह लिया। दंगल के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान नन्हेराम अनुरागी रहे उन्होंने पहलवानों के हाथ मिलवाकर दंगल की शुरुवात कराई। उन्होंने कहा कि मेले मे इस बार दूरदराज की दुकानों के अलावा क्षेत्रीय ग्रामीण लोगों ने मेले में अपनी अपनी दुकानें लगाई जिसमे किसी भी दुकानदार से किसी भी तरह का कोई भी शुल्क नहीं लिया गया जिससे दुकानदारों में काफी उत्साह रहा। मेले में दंगल के समापन के अवसर पर क्षेत्रीय लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया।

## साफ-सफाई व्यवस्था सही न होने से कबरई के वाशिन्दों ने जताई नाराजगी

संवाददाता, महोबा। कबरई कस्बे के राजीव नगर में नालियों की साफसफाई एवं मोहल्ले में फैली गंदगी को लेकर मोहल्ले वासियों ने नगर पंचायत परिसर में आकर हंगामा किया। बीते दो तीन वर्षों से नगर में साफसफाई की व्यवस्था पूर्णता ध्वस्त दिखाई दे रही है। जिससे लोगों को कई संक्रमित बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। इसको लेकर मोहल्लेवासियों ने इसका विरोध किया और जिला प्रशासन से भी नालियां की साफसफाई की मांग की। नगर के जागरूक व्यक्ति अशोक कुमार कुशवाहा ने सीएम हेल्पलाइन नंबर पर इसकी शिकायत की थी जिस पर भी नगर पंचायत के अधिकारियो पर कोई असर नहीं हुआ और बिना सफाई कराए अपनी रिपोर्ट लगा दी। जिसको लेकर नगर के पूर्व सभासद कैलाश कुशवाहा, सिवकरन रीवन वालें नारायण दास सहित एक दर्जन लोगों ने पंचायत परिसर में आकर विरोध किया।

# आजादी के अमर सपूतों को किया याद

## आजाद चन्द्रशेखर के चित्र पर माल्यार्पण के उनके योगदान को बताया

संवाददाता, प्रयागराज। भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुद्रपुर में आजाद बलिदान दिवस पर संस्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय और छात्रों ने अमर शहीद आजादी के अमर सपूत चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करके मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए स्वर्गीय चंद्रशेखर आजाद के देश को आजादी के लिए महत्वपूर्ण योगदान को याद किया गया। आज जैन अमर शहीद सेनानियों के वजह से हम आजाद भारत में चौन की सांस ले रहे हैं यह सब इन्हीं स्वतंत्रता संग्राम के नायकों की वजह से है। इनके योगदान को हर भारतवासी सदैव याद रखेगा। हम सब उनके इस योगदान के प्रति कृतज्ञ हैं और उनको शत शत नमन वंदन करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय राजन कुमार चौरसिया अखिलेश शर्मा शर्मा विपुल शुक्ला प्रांजल यादव कुमारी अंशिका कुमारी आयुषी एवं बहुत से छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# शहीद दिवस पर शहीद चंद्रशेखर आजाद की उपलब्धियों को गिनाया

संवाददाता, प्रयागराज। हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रयागराज में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत चंद्रशेखर आजाद जी के शहीद दिवस पर व्याख्यान हुआ। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी विभाग द्वारा चंद्रशेखर आजाद जी के शहीद दिवस पर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. मंजुलता ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग के विभाग प्रभारी डा. विजय प्रकाश यादव तथा वक्ता समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डा.हरीश कुमार वर्मा रहे। उपस्थित वक्ताओं ने चंद्रशेखर आजाद जी के व्यक्तित्व व भारत के स्वाधीनता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत हिंदी विभाग की विभाग प्रभारी प्रोफेसर सविता कुमारी श्रीवास्तव, विषय प्रवर्तन डा. जयराम त्रिपाठी तथा कार्यक्रम का संचालन डा.अर्चना राय ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में डा.कंचन तथा डा.राम कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।




# नई शिक्षक भर्ती की उम्मीद में बढ़ रहे बेरोजगार

## प्रदेश सरकार नई प्राथमिक शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी करने में कर रही देरी : राकेश कुमार पाण्डेय



संवाददाता

प्रयागराज। शिक्षा समाज ही देश के निर्माण की आधारभूत ईकाई है।आज शिक्षित समाज का होना बहुत जरूरी है।शिक्षा की नींव प्राथमिक स्तर से ही शुरू होती है।आज शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहा है। नई प्राथमिक शिक्षक भर्ती का सूखा कब खत्म होगा यह भविष्य के गर्त में है। बढ़ती बेरोजगारी टेट,सीटेट पास युवाओं के लिए खतरे का संकेत है। उत्तर प्रदेश के बेरोजगारों के सामने बहुत बड़ा संकट खड़ा हो गया है क्योंकि शिक्षक पात्रता परीक्षा 4 वर्षों से लगातार हो रही है लेकिन प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा एक बार भी आयोजित नहीं हुई है,जिससे बेरोजगारों के सामने नया संकट आ गया है। कैरियर के चढ़ाव में बेरोजगारी का दंश झेल रहे बेरोजगार युवाओं के पास नौकरी न होने से मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं।प्राथमिक शिक्षक भर्ती का मुद्दा उत्तर प्रदेश में बहुत बड़ा है। नयी प्राथमिक शिक्षक भर्ती कब आयेगी किसी को नहीं पता है। प्रतियोगियों का मानना है कि सरकार केवल उपलब्धि गिनवाने में परेशान है। जिन आकड़ों को सरकार प्रकाशित कर रही वास्तविक रूप से वह आकड़े बहुत पुराने है। सरकार 1 लाख 19 हजार पदों को भरने में कामयाब हुई है जो कि शिक्षा मित्रों के पद थे। सरकार 68500 और 69000 भर्ती को अपनी भर्ती बता रही है लेकिन ये पद शिक्षामित्रों के थे जो सुप्रीम कोर्ट से समायोजन रद्द होने के बाद इन्हें भरने थे। सरकार ने नयी प्राथमिक शिक्षक भर्ती का विज्ञापन अभी तक जारी किया ही नहीं है। सरकार प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक छात्र अनुपात भले ही बराबर बता रही हो लेकिन वास्तविकता कुछ और है। बच्चे तो लाखों में नामांकित हुए है लेकिन शिक्षक छात्रों के सापेक्ष कम है।

### नई शिक्षा नीति के अनुसार

नयी शिक्षा निति 2020 के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों में 30:1 का अनुपात होना चाहिए लेकिन वह उत्तर प्रदेश में नहीं है। उत्तर प्रदेश के हर एक जिले में लगभग 1500 से 2000 या इससे भी अधिक शिक्षकों के पद रिक्त है। सरकार फिर भी भर्ती निकालने से बच रही है।

### आरटीआई आंकड़े बता रहे हकीकत

उत्तर प्रदेश में आरटीआई 2019 के अनुसार 173795 प्राथमिक शिक्षकों कर पद रिक्त है। वही लोकसभा में तारांकित प्रश्न के हिसाब से 217483 है। इतने पद रिक्त होने के बावजूद भी प्राथमिक शिक्षक भर्ती नहीं आ रही है। सरकारी आंकड़ों का मानना है कि बेरोजगारी प्रतिशत उत्तर प्रदेश में कम हो गई है,लेकिन बेरोजगारों की फौज बढ़ती जा रही है जो कि चिंता का विषय है।

### युवा बेरोजगार मंच के संस्थापक राकेश कुमार पाण्डेय का कहना है ....

युवा बेरोजगार मंच के संस्थापक राकेश कुमार पाण्डेय उर्फ बंटी पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा कि सरकार जल्द से जल्द नई प्राथमिक शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी करे। उनका मानना है कि वही न्याय करेंगें और इस मुश्किल के समय में बेरोजगारों का साथ देंगे।लोकसभा चुनाव 2024 के पहले बेरोजगारों को नई प्राथमिक शिक्षक भर्ती का उपहार देंगे और बेरोजगारों को भविष्य सुधारने का मौका देंगे।प्रतियोगी छात्र भी लगातार नए विज्ञापन को लेकर सरकार से गुहार लगा रहे है।सभी शैक्षणिक मुख्यालयों पर भी आये दिन धरना प्रदर्शन जारी रहता है।

## दिल्ली के उपमुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के विरोध में आप का धरना



संवाददाता, हापुड़। हापुड़ में आम आदमी पार्टी द्वारा नगर पालिका परिषद हापुड़ में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के गिरफ्तारी के विरोध में धरना दिया गया जिसमें सरकार से मनीष सिसोदिया जी को रिहा कराने के लिए अपील की। वही जिला प्रभारी डॉक्टर नरेंद सोलंकी ने कहा कि सरकार अपने सारे आरोप वापस ले क्योंकि मनीष सिसोदिया निर्दोष हैं और उनको फंसाया जा रहा है। इस मौके पर मौके पर उपस्थित रहे डॉक्टर नरेंद्र सोलंकी, महेंद्र सिंह त्यागी, उदयवीर सिंह, मयंक सोलंकी, ऋषि पाल सैनी, टीकाराम उपाध्याय, सीमा सागर, मुस्लिम कुरैशी, साजिद, वीरेंद्र सिंह, सीएम चौहान, मनोज गुप्ता, रोहताश आदि लोग उपस्थित रहे।

# रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए बस्तों को और बेहतर ढंग से संरक्षित करने के राजस्व परिषद प्रदेश अध्यक्ष ने दिये निर्देशित

- अध्यक्ष राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ संजीव मित्तल आईएएस के द्वारा कलेक्ट्रेट हापुड़ एवं तहसील हापुड़ का किया निरीक्षण

संवाददाता

हापुड़। जनपद हापुड़ में राजस्व परिषद अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लखनऊ संजीव मित्तल आईएएस के द्वारा मंडल आयुक्त मेरठ सेल्वा कुमारी जे, जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा, अपर जिलाधिकारी श्रद्धा शांडिल्यायन के साथ कलेक्ट्रेट हापुड़ तथा तहसील सदर के विभिन्न पटलो का निरीक्षण किया गया। अध्यक्ष द्वारा कलेक्ट्रेट का निरीक्षण करते हुए कलेक्ट्रेट में बेहतर साफ-सफाई को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की गई। इसी क्रम में उन्होंने भूलेख अनूभाग, रिकॉर्ड रूम, जिला सूचना विज्ञान कार्यालय, जिला आबकारी कार्यालय एवं जिला पूर्ति कार्यालय में पहुंचकर कार्यालय के अभिलेखों के बारे में जानकारी ली।

इसी क्रम मे अध्यक्ष द्वारा कोषागार हापुड में पहुंचकर कार्यों की जानकारी प्राप्त की। अध्यक्ष द्वारा रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए बस्तों को और बेहतर ढंग से संरक्षित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर के पार्क में पहुंचकर मंडल आयुक्त मेरठ के साथ वृक्षारोपण भी किया। इसी क्रम में जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी के द्वारा भी पौधे रोपित किए गए। इसके उपरांत माननीय अध्यक्ष द्वारा तहसील सदर में पहुंचकर तहसील के विभिन्न पटलो का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा दस्तावेजों की जांच की गई। उन्होंने राजस्व अभिलेखागार, नजारत, खतौनी, तहसील परिसर के कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने तहसील में खड़े वाहनों को लेकर कहा कि तहसील परिसर के अंदर पार्किंग में ही वाहन को व्यवस्थित तरीकों से खड़ा कराया जाए कार्यालय के बाहर वाहन खड़ा होने से आम जनमानस को आवागमन में कठिनाइयां होती हैं। निरीक्षण के दौरान मंडल आयुक्त मेरठ सेल्वा कुमारी जे, जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा, अपर जिलाधिकारी श्रद्धा शांडिल्यायन, भूमि व्यवस्था आयुक्त भिष्म लाल वर्मा,समीक्षा अधिकारी अरविंद विश्वकर्मा, उप जिलाधिकारी सदर सुनीता सिंह, गढ़मुक्तेश्वर विवेक यादव, धौलाना दिग्विजय सिंह, कलेक्ट्रेट प्रभारी प्रहलाद सिंह, समस्त तहसीलदार सहित संबंधित पटलो के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




# आजाद समाज पार्टी ने जिला कमेटी की घोषणा कर 21 लोगों को दिए सम्मान लेटर

संवाददाता, हापुड़। हापुड़ में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड.चंद्रशेखर आजाद व प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ के निर्देशानुसार पर राजा फर्म हाउस इंदरगढ़ी मे एक सम्मेलन रखा गया है जिसमे सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने सम्मेलन मे हिस्सा लिया और बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी एवं मान्यवर कांशीराम साहब की विचारधारा बहुजन हिताय बहुजन सुखाय को आगे बढ़ाने के लिए मेरठ मंडल अध्यक्ष तालिब चौधरी व भीम आर्मी जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह गौतम व जिला अध्यक्ष एड.सुशील कुमार आजाद द्वारा जिला कमेटी की घोषणा कर 21 लोगों को सम्मान लेटर दिए गए। जिला प्रभारी नरेंद्र द्रविड़ ,जिला प्रभारी मनवीर गुर्जर, जिला प्रभारी आफ्ताब चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राकेश सैनी, जिला उपाध्यक्ष वसीम खान, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र,जिला उपाध्यक्ष सतीश चंद, जिला महासचिव मनोज गौतम, जिला सचिव सोमवीर सिंह, जिला सचिव सिकंदर खान, जिला सचिव सुरेंद्र गौतम, जिला संगठन मंत्री सलमान त्यागी, जिला संगठन मंत्री विनोद प्रजापति, जिला संगठन मंत्री रविंद्र प्रधान, जिला संगठन मंत्री अमित कुमार, जिला कोषाध्यक्ष एड. मनिंदर जाटव ,जिला मीडिया प्रभारी पंकज जाटव, जिला प्रवक्ता देवेंद्र हुंड,जिला कार्यालय प्रभारी श्याम सिंह आजाद, जिला कार्यकारिणी सदस्य जय भगवान, जिला कार्यक्रम सदस्य धीरज कोरी इस तरह विंग के जिला अध्यक्षों की घोषणा व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन कुमार अधिवक्ता जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार आईटी सेल, जिला अध्यक्ष सुशील कुमार ने दर्जनों लोगों को आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और सभी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है हमें बड़े भाई एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके कंधों को मजबूत करना है जिससे आजाद समाज पार्टी का कारवां बढ़ता रहे।




CMYK

# ईरान की 1650 किमी की रेंज वाली मिसाइल ने बढ़ाई दुनिया की टेंशन, ट्रंप को मारने की धमकी



एजेंसी, ईरान ने 1,650 किमी (1,025 मील) की दूरी का एक क्रूज मिसाइल विकसित किया है। यूक्रेन युद्ध में रूस द्वारा ईरानी ड्रोन के उपयोग के बाद पश्चिमी चिताएं बढ़ने की संभावना है। वहीं रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स एयरोस्पेस फोर्स के प्रमुख अमीराली हाजीजादेह ने भी ईरान के एक शीर्ष ईरानी कमांडर की अमेरिकी हत्या का बदला लेने की बात करते हुए कहा कि हम (पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रंप को मारना चाहते हैं। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (स्ळब) के एयरोस्पेस डिवीजन के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल अमीर-अली हाजीजादेह ने एक टेलीविजन कार्यक्रम के दौरान कहा कि हम अब 2,000 किलोमीटर (1242 मील) की दूरी पर अमेरिकी विमान वाहक को लक्षित करने में सक्षम हैं। टेलीविजन प्रसारण ने ईरान की नई पावेह क्रूज मिसाइल की टेस्टिंग का फुटेज भी प्रसारित किया है। हाजीजादेह ने उस घटना का जिक्र किया जब ईरान के मिसाइल हमले में अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। उसने कहा कि ईरान ने मरहूम सैनिकों को मारने का इरादा नहीं किया था। बता दें कि बगदाद में 2020 में अमेरिकी ड्रोन हमले में ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सोलेमानी के मारे जाने के कुछ दिनों बाद इराक में अमेरिकी नेतृत्व वाली सेना पर बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया था। हाजीजादेह ने टेलीविजन साक्षात्कार में कहा कि ईश्वर ने चाहा तो हम ट्रंप को मारना चाहते हैं। (पूर्व विदेश मंत्री माइक) पोम्पियो... और सैन्य कमांडर जिन्होंने आदेश जारी किया (सुलेमानी को मारने के लिए) को मार दिया जाना चाहिए। इससे पहले भी कई मौकों पर ईरानी नेताओं ने अक्सर सुलेमानी का बदला लेने के लिए मजबूत शब्दों में कसम खाई है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विरोध और यूरोपीय देशों द्वारा चिंता की अभिव्यक्ति के विरोध में ईरान ने अपने मिसाइल कार्यक्रम, विशेष रूप से अपनी बैलिस्टिक मिसाइलों का विस्तार किया है। तेहरान का कहना है कि यह कार्यक्रम विशुद्ध रूप से रक्षात्मक और निवारक प्रकृति का है।

# गिरावट के बावजूद तेज विकास दर वाला देश होगा भारत




एजेंसी, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपनी एक रिपोर्ट जारी की है दिसमें आने वाला साल आर्थिक रुप से दुनिया के लिए कैसा होने वाला हैं। आईएमएफ ने अपनी एक रिपोर्ट जारी की जिसमें बताया कि दुनिया मंदी का सामना कर सकती हैं। दुनिया के अन्य देशों के साथ-साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को भी साल 2023 में हल्की मंदी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, फिर भी अन्य देशों के मुताबिक भारत की अर्थव्यवस्था सबसे बेहतर स्थिति में रहेगी। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपने विश्व आर्थिक आउटलुक का जनवरी अपडेट जारी किया और कहा कि वह अगले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में कुछ मंदी की उम्मीद कर रहा था और चालू वित्त वर्ष के दौरान विकास दर 6.8 प्रतिशत से 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। नवीनतम विश्व आर्थिक आउटलुक के अनुसार, वैश्विक विकास 2022 में अनुमानित 3.4 प्रतिशत से गिरकर 2023 में 2.9 प्रतिशत होने का अनुमान है, फिर 2024 में बढ़कर 3.1 प्रतिशत हो जाएगा। 2024 के लिए आईएमएफने कहा कि वैश्विक विकास में थोड़ी तेजी से 3.1 प्रतिशत की वृद्धि होगी, लेकिन यह अक्टूबर के पूर्वानुमान के नीचे प्रतिशत का दसवां हिस्सा है क्योंकि केंद्रीय बैंक की ब्याज दर में बढ़ोतरी का पूरा प्रभाव मांग को धीमा कर देता है। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गौरिनचास ने कहा कि मंदी का जोखिम कम हो गया है और केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में प्रगति कर रहे हैं, लेकिन कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए और अधिक काम करने की जरूरत है और नए व्यवधान यूक्रेन में युद्ध के और बढ़ने और कोविड -19 के खिलाफचीन की लड़ाई से आ सकते हैं। रॉयटर्स से गौरींचस ने कहा कि हमें अप्रत्याशित की उम्मीद करने के लिए तैयार रहना होगा, लेकिन यह अच्छी तरह से एक महत्वपूर्ण मोड़ का प्रतिनिधित्व कर सकता है, विकास के नीचे और फिर मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ। आईएमएफके अनुसंधान विभाग के निदेशक ने संवाददाताओं से कहा वास्तव में भारत के लिए हमारे विकास अनुमान हमारे अक्टूबर आउटलुक से अपरिवर्तित हैं। इस चालू वित्तीय वर्ष के लिए हमारे पास 6.8 प्रतिशत की वृद्धि है, जो मार्च तक चलती है, और फिर हम वित्त वर्ष 2023 में 6.1 प्रतिशत की कुछ मंदी की उम्मीद कर रहे हैं। आईएमएफके विश्व आर्थिक आउटलुक अपडेट में कहा गया है, 2024 में 6.8 फीसदी तक पहुंचने से पहले भारत में विकास 2022 में 6.8 फीसदी से घटकर 2023 में 6.1 फीसदी हो जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, उभरते और विकासशील एशिया में वृद्धि 2023 और 2024 में क्रमश: 5.3 प्रतिशत और 5.2 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है, 2022 में चीन की अर्थव्यवस्था के कारण 4.3 प्रतिशत की अपेक्षा से अधिक मंदी के बाद।

**मजबूत मांग**

अपने 2023 जीडीपी पूर्वानुमानों में, आईएमएफने कहा कि अब उसे यूएस जीडीपी वृद्धि 1.4 प्रतिशत होने की उम्मीद है, अक्टूबर में अनुमानित 1.0 प्रतिशत से ऊपर और 2022 में 2.0 प्रतिशत वृद्धि के बाद। इसने 2022 की तीसरी तिमाही में अपेक्षा से अधिक खपत और निवेश का हवाला दिया। , एक मजबूत श्रम बाजार और मजबूत उपभोक्ता बैलेंस शीट।

# ब्लिंकन अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे, जी20 की बैठक में भाग लेंगे



एजेंसी, वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे और अमेरिका की ओर से मजबूत भागीदारी की पुष्टि करने के लिए वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। भारत ने पिछले साल एक दिसंबर को जी20 की अध्यक्षता संभाली थी। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने बृहस्पतिवार को कहा कि ब्लिंकन जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए एक मार्च को नयी दिल्ली जाएंगे। इस बैठक में बहुपक्षवाद को मजबूत करने तथा खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा पर सहयोग बढ़ाने, सतत विकास, मादक पदार्थ के खात्मे, वैश्विक स्वास्थ्य, मानवीय सहायता और आपदा राहत तथा लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्राइस ने कहा, ''वह (ब्लिंकन) हमारी मजबूत भागीदारी की पुष्टि करने के लिए भारत सरकार के अधिकारियों और नागरिक समाज के सदस्यों से मुलाकात करेंगे।'' विदेश मंत्री तीन मार्च तक भारत में रहेंगे। ब्लिंकन 28 फरवरी से दो मध्य एशियाई देशों कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान की यात्रा के बाद भारत पहुंचेंगे।


वह मध्य एशिया के पांच देशों के प्रतिनिधियों के साथ 'सी5प्लस1' मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे। इसमें कजाकिस्तान, किर्गिस गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के बीच आर्थिक, ऊर्जा, पर्यावरणीय तथा सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर बातचीत की जाएगी।

# मार्च में फिर 11 हजार कर्मचारियों की छंटनी कर सकता है मेटा : रिपोर्ट




एजेंसी, सैन फ्रांसिस्को । मेटा में एक और बड़ी छंटनी की संभावना है। जानकारी के मुताबिक प्रदर्शन बोनस का भुगतान करने के बाद अगले महीने की शुरुआत में मेटा (पूर्व में फेसबुक) छंटनी के एक और बड़े दौर के लिए तैयार है, जैसा कि पिछले साल नवंबर में किया गया था। द वर्ज की साप्ताहिक कमांड लाइन के अनुसार, मेटा नेतृत्व श्छंटनी के बारे में अंदर या बाहर कुछ भी बात करने से बच रहा है। रिपोर्ट में गुरुवार देर रात कहा गया कि आगामी छंटनी पिछली छंटनी के समान हो सकती है, जो लगभग 11,000 लोग या कंपनी का 13 प्रतिशत को प्रभावित करेगी। योजना के मुताबिक श्पिछले साल के प्रदर्शन बोनस के भुगतान के बाद मार्च में और कटौती की घोषणा हो सकती है। मेटा ने कथित तौर पर प्रदर्शन समीक्षा के एक नए दौर में हजारों कर्मचारियों को औसत से नीचे रेटिंग दी है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मामले से परिचित लोगों का हवाला देते हुए पिछले हफ्ते रिपोर्ट दी थी कि मेटा में नेतृत्व श्उम्मीद करता है कि आने वाले हफ्तों में अधिक कर्मचारियों को जाने के लिए कहा जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, श्अगर पर्याप्त नहीं हुआ तो कंपनी छंटनी के एक और दौर पर विचार करेगी। जुकरबर्ग ने पिछले महीने निवेशकों से कहा था कि कंपनी हमारे संगठन के ढांचे को समतल करने और मध्यम प्रबंधन की कुछ परतों को तेजी से हटाने के साथ-साथ हमारे इंजीनियरों को अधिक उत्पादक बनाने में मदद करने के लिए एआई उपकरणों को तैनात करने पर काम कर रही है। पिछले साल नवंबर में 11,000 कर्मचारियों को निकालने के बाद, मेटा अब ईयर ऑफ एफिशियेन्सी में कर्मचारियों की संख्या को और कम करने की योजना बना रही है। मेटा ने आगामी छंटनी के बारे में रिपोर्टें पर कोई टिप्पणी नहीं की।

# क्रिएटर्स को कई भाषाओं में वीडियो डब करने की सुविधा देता है यूट्यूब



एजेंसी, सैन फ्रांसिस्को वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म यूट्यूब ने घोषणा की है कि वह मल्टी-लैंग्वेज ऑडियो ट्रैक्स के लिए सपोर्ट रोल आउट कर रहा है, जिससे क्रिएटर्स अपने नए और मौजूदा वीडियो को अलग-अलग भाषाओं में डब कर सकेंगे। पिछले एक साल से, कंपनी पॉपुलर यूट्यूब कंटेंट क्रिएटर जिमी डोनाल्डसन उर्फ मिस्टर बीस्ट और क्रिएटर्स के एक छोटे ग्रुप के साथ इस फीचर की टेस्टिंग कर रही थी। कंपनी ने गुरुवार को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, दर्शकों के लिए, मल्टी-लैंग्वेज ऑडियो का मतलब है कि अब वे अपनी भाषा में डब किए गए वीडियो देख सकते हैं, जो उन्हें और भी अधिक कंटेंट उपलब्ध कराते हैं। इसमें कहा गया है, हमने पाया कि कई भाषाओं में डब किए गए वीडियो की टेस्टिंग करने वाले क्रिएटर्स ने अपने देखे जाने के समय का 15 प्रतिशत उन वीडियो की गैर-प्राथमिक भाषा के लिए खर्च किया। इसके अलावा, दर्शकों ने केवल पिछले महीने में प्रतिदिन औसतन दो मिलियन घंटे से अधिक डब किए गए वीडियो देखे ।प्लेटफॉर्म ने कहा कि 3,500 से अधिक मल्टी-लैंग्वेज वीडियो पहले से ही 40 से अधिक भाषाओं में अपलोड किए जा चुके हैं। क्रिएटर्स को अपने चौनल पर वीडियो अपलोड करते समय एक्जिस्टिंग कंटेंट इन क्रेटर्स टूल के माध्यम से अलग-अलग ऑडियो ट्रैक जोड़ने होते हैं। कंपनी ने आगे बताया कि क्रिएटर्स के कैटलॉग में मौजूदा कंटेंट को अतिरिक्त ऑडियो ट्रैक्स के साथ भी अपडेट किया जा सकता है। यदि आप एक दर्शक हैं, तो बस वीडियो की सेटिंग पर आपको क्लिक करना होगा और देखना होगा कि दूसरी भाषा में देखने के लिए कौन से ऑडियो ट्रैक उपलब्ध हैं।

# एनसीएलएटी ने जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ दीवाला कार्यवाही पर रोक लगाई


एजेंसी, मुंबई । राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने मीडिया कंपनी जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) के खिलाफदिवाला कार्यवाही पर शुक्रवार को रोक लगा दी। जी एंटरटेनमेंट के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी पुनीत गोयनका की याचिका स्वीकार करते हुए एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ के आदेश पर रोक लगा दी है। एनसीएलटी ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के खिलाफ दिवाला कार्यवाही के लिए इंडसइंड बैंक की याचिका को बुधवार को स्वीकार कर लिया था। उसने संजीव कुमार जालान को इस मामले में समाधान पेशेवर नियुक्त किया था।

# रुपया शुरुआती कारोबार में नौ पैसे लुढ़ककर 82.73 प्रति डॉलर पर

एजेंसी, मुंबई । विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले नौ पैसे टूटकर 82.73 के भाव पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.67 के भाव पर कमजोर खुला, फिर और गिरावट के साथ 82.73 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की कमजोरी को दर्शाता है। पिछले कारोबारी दिवस पर, बृहस्पतिवार को रुपया 82.64 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत गिरकर 104.55 पर पहुंच गया।

# अनिश्चितताओं से घिरी वैश्विक अर्थव्यवस्था

## जी20 देशों को चुनौतियों का सामना दृढ़ता से समाधान करना होगा : आरबीआई गवर्नर




एजेंसी, बेंगलुरु। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने जी20 देशों से वित्तीय स्थिरता के प्रति उत्पन्न होने वाले खतरों और ऋण संकट जैसी वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली चुनौतियों का दृढ़ता से समाधान करने का आह्वान किया। जी20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए परिदृश्य हाल के महीनों में बेहतर हुआ है और अब अधिक आशावाद है कि दुनिया एक गहरी मंदी से बच सकती है और उसे केवल धीमी वृद्धि या नरम मंदी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, ''फिर भी हमारे सामने अनिश्चितताएं हैं।'' आरबीआई गवर्नर ने कहा, ''हमें अपने सामने मौजूद चुनौतियों का मिलकर और दृढ़ता से सामना करना होगा, इन चुनौतियों में कुछ मध्यम अवधि से लेकर लंबे समय तक टिकने वाली हैं जिनमें वित्त स्थिरता के लिए जोखिम, कर्ज संकट, जलवायु वित्त, वैश्विक व्यापार में आए व्यवधान और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं पर दबाव पड़ना शामिल है।'' उन्होंने कहा, ''हमें व्यापक वैश्विक आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना होगा और वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूत, टिकाऊ, संतुलित तथा समावेशी वृद्धि के मार्ग पर बढ़ाना होगा।'' वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्घाटन सत्र में कहा कि 2023 में भारत की अध्यक्षता में जी20 में जो संवाद होगा वह सबसे कठिन वैश्विक चुनौतियों के लिए पूर्ण समाधानों की तलाश पर केंद्रित होगा। सीतारमण ने कहा, ''जी20 अपने सदस्यों की पूरक ताकतों का फायदा उठाकर दुनियाभर के लोगों की जिंदगियों को बदल सकता है, जिसमें देश विशेष की जरूरतों और परिस्थितियों का भी खयाल रखा जाएगा। यह नए विचारों का पोषण कर सकता है।''

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र में महात्मा गांधी के शांति एवं संरक्षकता के संदेश पर कार्यक्रम का आयोजन किया

एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र। महासभा (यूएनजीए) में यूक्रेन पर जब एक गैर-बाध्यकारी संकल्प प्रस्ताव को पारित किया जा रहा था तब भारत महात्मा गांधी के शांति और संरक्षकता (ट्रस्टीशिप) के संदेश पर यहां संयुक्त राष्ट्र में एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने 'यूनिवर्सिटी फॉर पीस' के साथ साझेदारी में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 'गांधीवादी ट्रस्टीशिपरू मिशन लाइफएंड ह्यूमन फ्लोरिशिंग' पर एक उच्च स्तरीय पैनल चर्चा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में गांधी के 'ट्रस्टीशिप' के सिद्धांत और आज की दुनिया में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया और मिशन लाइफस्टाइल (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) और मानव उत्कर्ष की अवधारणा पर ध्यान केंद्रित किया गया ताकि टिकाऊ जीवन शैली और स्थायी शांति को बढ़ावा दिया जा सके। 'ट्रस्टीशिप' महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित एक सामाजिक-आर्थिक दर्शन है। इस अवधारणा के तहत एक व्यक्ति स्वेच्छा से अपने अर्जित धन पर अपना अधिकार छोड़ देता है या उसका त्याग कर देता है और इसे समाज के गरीब वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित करता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने पैनल चर्चा में कहा, ''आज की घटना बहुत अनोखी है। जो बात मुझे बेहद प्रभावी लगती है कि वह यह है कि हम शांति, अहिंसा के बारे में बात कर रहे हैं, जबकि महासभा में... यूक्रेन में संकट पर मतदान हो रहा है।'' 'यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति को रेखांकित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के सिद्धांत' शीर्षक से यूक्रेन एवं समर्थक देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में पेश एक गैर-बाध्यकारी प्रस्ताव अपनाया गया। प्रस्ताव के पक्ष में 141 और विरोध में सात वोट मिले। इस प्रस्ताव में ''व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थायी शांति'' तक पहुंचने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। हालांकि भारत इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा। मानव उत्कर्ष के संदर्भ में कम्बोज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत दृढ़ता से महसूस करते हैं कि दुनिया एक विशाल परस्पर जुड़ा हुआ परिवार है और ''उनका मॉडल आत्म-केंद्रित मॉडलके बजाय वैश्विक विकास के मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में से एक है।'' उन्होंने महामारी के दौरान 100 से अधिक देशों को कोविड-19 रोधी टीके भेजने के भारत के कदम का उदाहरण देते हुए कहा, ''क्या मैं आप सभी को याद दिला सकती हूं कि हमने इस क्षण (संकट) का व्यावसायीकरण नहीं किया।'' कंबोज ने कहा कि भारत हमेशा ''पहले उत्तरदाता'' के रूप में रहा है और तुर्की और सीरिया में हाल के विनाशकारी भूकंपों के दौरान भारत 24 घंटे के भीतर आपातकालीन राहत सामग्री और सहायता भेजने वाले पहले देशों में से एक था।

# चीन ने यूक्रेन में संघर्ष विराम का आह्वान और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का विरोध किया



एजेंसी, बीजिंग। रूस के निकट सहयोगी चीन ने यूक्रेन में जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम व शांति वार्ता करने का शुक्रवार को आह्वान किया और परमाणु एवं जैविक हथियारों के इस्तेमाल के प्रति कड़ा विरोध जताया। इसके अलावा चीन ने यूक्रेन की संप्रभुता का सम्मान करने और सुरक्षा को लेकर रूस की जायज चिंताओं को भी रेखांकित किया। यूक्रेन में ''समग्र, न्यायसंगत एवं स्थायी शांति'' की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव पर मतदान में चीन और भारत ने भाग नहीं लिया। चीन ने रूस के साथ निकट संबंध बनाए रखने के प्रयासों के बीच यूक्रेन युद्ध पर अपना रुख बताते हुए 12 बिंदुओं वाला एक प्रपत्र जारी किया। इस प्रपत्र के जारी होने से पहले 22 फरवरी को चीन के शीर्ष राजनयिक वांग यि ने रूस की यात्रा की थी और इस दौरान उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। चीन ने यूक्रेन पर हमले को लेकर अभी तक रूस की निंदा नहीं की है और उसके मॉस्को के साथ निकट राजनीतिक, व्यापारिक एवं सैन्य संबंध हैं। चीन ने यूक्रेन को लेकर अपना रुख बताने वाले प्रपत्र में ''संघर्ष विराम'', युद्ध समाप्त करने के लिए रूस एवं यूक्रेन के बीच सीधी वार्ता के लिए वैश्विक समर्थन, यूक्रेन की संप्रभुता के सम्मान, सुरक्षा को लेकर रूस की जायज चिंताओं और परमाणु एवं जैविक हथियारों के इस्तेमाल या खतरे को लेकर चीन के विरोध को रेखांकित किया ।चीन के विदेश मंत्रालय द्वारा यहां जारी एक प्रपत्र में कहा गया है, ''शत्रुता पर विराम लगना चाहिए। संघर्ष और युद्ध से किसी को लाभ नहीं होता। सभी पक्षों को तर्कसंगत रहना चाहिए और संयम बरतना चाहिए, आग को भड़काने और तनाव बढ़ाने से बचना चाहिए तथा संकट को और बढ़ने या नियंत्रण से बाहर होने से रोकना चाहिए।'' उसने रूस और यूक्रेन के बीच ''जल्द से जल्द'' सीधी बातचीत का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रूस से यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने और अपनी सेना को वापस बुलाने की मांग करने वाला गैर-बाध्यकारी प्रस्ताव पारित कर दिया और भारत एवं चीन उन 32 देशों में शामिल रहे, जिन्होंने 193 सदस्यीय महासभा में प्रस्ताव पर मतदान नहीं किया। प्रस्ताव के पक्ष में 141 और विरोध में सात मत पड़े।

# पाकिस्तान के दो भाई ग्वांतानामो जेल से 20 साल बाद रिहा



एजेंसी, वाशिंगटन ।अमेरिकी अधिकारियों ने पाकिस्तान के दो भाइयों को 20 साल तक बिना आरोपों के ग्वांतानामो बे सैन्य जेल में बंद रखने के बाद उनके देश भेज दिया। अब्दुल और मोहम्मद रब्बानी अमेरिकी हिरासत से रिहा होने वाले हालिया कैदी हैं। यह कदम तब उठाया गया जब अमेरिका जेल को खाली कराने तथा इसे बंद करने की कोशिशों में लगा है। जॉर्ज डब्ल्यू बुश प्रशासन ने अमेरिका पर 11 सितंबर 2001 को हुए अलकायदा के हमलों के बाद चरमपंथी संदिग्धों के लिए क्यूबा में नौसैन्य अड्डे पर यह जेल बनायी थी। पाकिस्तानी अधिकारियों ने दोनों भाइयों को 2002 में उनके गृह नगर कराची से गिरफ्तार किया था जिसके बाद उन्हें अमेरिकी अधिकारियों को सौंप दिया गया था। अमेरिकी अधिकारियों ने दोनों पर अलकायदा सदस्यों को अपने घर में पनाह देने तथा अन्य सहयोग देने का आरोप लगाया था ।दोनों भाइयों ने ग्वांतानामो भेजे जाने से पहले सीआईए की हिरासत में प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया था ।अमेरिकी सेना ने एक बयान में पाकिस्तानी भाइयों को उनके देश भेजे जाने की घोषणा की। इसने उनकी वापसी के संबंध में पाकिस्तान द्वारा रखी गयी किसी भी शर्त की अभी कोई जानकारी नहीं दी। ग्वांतानामो में 2003 में एक समय करीब 600 कैदी थे जिन्हें अमेरिका आतंकवादी मानता था। पेंटागन ने बताया कि ग्वांतानामो बे में अब भी 32 कैदी हैं जिनमें से 18 को उनके देश भेजा जा सकता है अगर वे उन्हें वापस लेने के लिए तैयार हो जाते हैं।

CMYK

# इंद्रनील सेनगुप्ता से नहीं हुआ तलाक पर क्या बरखा सेनगुप्ता को अब इस टीवी एक्ट्रेस से हुआ प्यार



टीवी इंडस्ट्री के एक पॉपुलर कपल को लेकर अब बड़ी खबर सामने आ रही है। पिछले कुछ समय पहले ऐसी अफवाहें सामने आई थी कि इंद्रनील सेनगुप्ता और बरखा सेनगुप्ता के बीच कुछ अनबन चल रही है। इनकी शादीशुदा जिन्दगी ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। कोई भी ये विश्वास नहीं कर पा रहा था कि इतने परफेक्ट दिखने वाले कपल की शादी में भी कोई दिक्कत आ सकती है और बात डाइवोर्स तक पहुंच सकती है। हालांकि, बाद में ऐसी भी रिपोर्ट्स सामने आई थी कि इनके बीच अब सब ठीक हो गया है। मगर अब जो मीडिया रिपोर्ट्स दावा कर रही हैं वो जानने के बाद आपके भी पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। दरअसल, शादी के 13 साल बाद बेस्ट कपल्स की लिस्ट में शिमार बरखा सेनगुप्ता और इंद्रनील सेनगुप्ता ने अपने रास्ते अलग कर लिए हैं। हालांकि, अभी तक इन दोनों का तलाक नहीं हुआ है। वहीं, इसी बीच अब बरखा के अफेयर की खबरें सामने आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि बरखा सेनगुप्ता को फिर से प्यार हो गया है। दरअसल, अब ऐसा कहा जा रहा है कि तैंतालीस साल की बरखा अब एक्टर और प्रोड्यूसर आशीष शर्मा को डेट भी कर रही हैं। आपको बता दें, हाल ही में एक्ट्रेस को आशीष की बर्थडे पार्टी में उनके घर पर भी स्पॉट किया गया था। इस दौरान दोनों ने साथ में डांस किया। खबरें बताती हैं कि दोनों ने पिछले साल डेटिंग शुरू कर दी थी। पहले दोनों में दोस्ती हुई और फिर इनका प्यार परवान चढ़ा। हालांकि, न तो आशीष और न ही बरखा का इन खबरों पर अभी तक कोई रिएक्शन सामने आया है। वहीं बात अगर एक्ट्रेस की शादीशुदा जिन्दगी की करें तो, बरखा सेनगुप्ता और इंद्रनील ने अभी तक तलाक के लिए अर्जी नहीं दी है। वहीं, दोनों की एक 11 साल की बेटी भी है। पिछले साल बरखा ने ये भी कहा था कि वो अभी भी अपने पति के सरनेम का इस्तेमाल कर रही हैं क्योंकि उन्होंने कागज पर शादी की है।


››› बॉलीवुड ‹‹‹



# साजिद खान संग डेटिंग रयूमर पर इस कदर भड़क गयी सौंदर्य शर्मा, कानूनी कार्रवाई तक की दे डाली धमकी

छोटे परदे का फेमस रियलिटी शो बिग बॉस भले ही अब खत्म हो चूका हैं। लेकिन शो के कंटेस्टेंट को लेकर आए दिन सनसनीखेज खुलासे होते रहते हैं। दरअसल शो खत्म होने के बाद सभी कंटेस्टेंट अपने–अपने प्रोजेक्ट्स को पूरा करने में लग गए है। लेकिन इस बीच बिग बॉस के दो कंटेस्टेंट काफी ज्यादा चर्चा में बने हुए हैं। जिनके बीच लिंकअप की खबरे अब खूब जोर डालता हुआ नजर आ रहा हैं। बता दे की ये कंटेस्टेंट कोई और नहीं बल्कि बिग बॉस 16 की शातिर कंटेस्टेंट सौंदर्य शर्मा और बॉलीवुड के जाने–माने डायरेक्टर–प्रोडूसर साजिद खान हैं। दरअसल, हाल ही में साजिद खान को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है जिसे सुनने के बाद आपके भी होश उड़ जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, साजिद खान को बुढ़ापे में एक बार फिर प्यार हो चला है। कहा जा रहा है कि साजिद बिग बॉस 16 की एक खूबसूरत हसीना पर अपना दिल हार बैठे हैं। दरअसल, अब जिसके साथ साजिद खान के इश्क फरमाने के चर्चे हो रहे हैं वो कोई और नहीं बल्कि गौतम विग के साथ रोमांस फरमाने वाली सौंदर्या शर्मा हैं। अब सोशल मीडिया पर साजिद खान और सौंदर्या शर्मा के बीच कुछ पकने के चर्चे चल रहे हैं। आपको बता दें, कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि साजिद खान ने सौंदर्या को अपनी फिल्म में एक गाना करने का मौका दिया है। लेकिन अब इन सारे अफवाहों पर खुद सौंदर्य शर्मा ने अपनी चुप्पी तोड़ी हैं। और इस खबर को अफवाह बताते हुए काफी खरी–खोटी भी सुना दी हैं। जहां सौंदर्या शर्मा ये कहते दिखी है कि साजिद के साथ मुझे जोड़ने वाली इन झूठी कहानियों से मैं बहुत आहत और निराश हूं। मैंने हमेशा एक दोस्त, गुरु और बड़े भाई के रूप में उनकी तारीफ की है। यह परेशान करने वाली बात है कि आज के समय और उम्र में भी महिलाएं लिंक–अप की कहानियों का शिकार होती हैं। ये गलत खबरें कुछ पत्रकारों ने फैलाई हैं क्योंकि मैं उनकी इंटरव्यू रिक्वेस्ट के साथ कॉर्डिनेट नहीं कर पाई। इन गलत खबरों ने मुझे और मेरे परिवार को काफी प्रभावित किया है। मैं कानूनी कार्रवाई करने का सोच रही हूं। मैं उम्मीद करती हूं अब मैं इन रिपोर्ट्स को आगे बढ़ते हुए नहीं देखूंगी। इसी के साथ साजिद खान का भी इस खबर पर रिएक्शन सामने आ रहा हैं। जहां साजिद ये कहते दिखे है की– ये बिल्कुल बकवास खबर है। वह मेरी छोटी बहन की तरह है मैं किसी के साथ डेटिंग नहीं कर रहा हूं। साजिद खान ने तो ये साफ कर दिया है कि वो सौंदर्या को डेट नहीं कर रहे हैं। आपको बता दें, कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि साजिद खान ने सौंदर्या को अपनी फिल्म में एक गाना करने का मौका दिया है। पूरे 4 साल बाद डायरेक्शन में लौट रहे साजिद जल्द ही अपनी एक नई फिल्म लेकर आने वाले हैं, जिसमें शहनाज गिल लीड रोल में हैं। वहीं, इस फिल्म में सौंदर्या के होने की खबरें भी शोर मचा रही हैं। वैसे बता दें, सौंदर्या और गौतम का ब्रेकअप शो में ही हो चुका था। वहीं, साजिद खान के साथ सौंदर्या की बॉन्डिंग भी आखिर में काफी अच्छी हो गई थी।

# एक बार फिर ऐसा भी क्या कर दिया उर्फी जावेद ने जिसके बाद फैंस ने कर दिया 'एनाबेल' से कंपेयर और कहा- 'चुड़ैल भी डर...





उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर छाई रहने वाली हस्ती है, आए दिन सोशल मीडिया पर नए फैशन ट्रेंड्स को फॉलो करते हुए उर्फी अपने फैंस को नए नए फैशन के कपड़े पहन फोटो अपलोड कर सुर्खियों में बनी रहती है। ऐसा कहना भी गलत नही होगा उर्फी जावेद का फैशन सेंस सबसे अलग और सबसे निराला है। ऐसे में ऐसा कभी नही हुआ जब उर्फी ने अपने फैशन से किसी को हैरान न किया हो ऐसा हो नहीं सकता। इस बार भी उर्फी अपने नए लुक से चर्चाओं में आई है। ड्रेसेज पर एक्सपेरिमेंट करने वाली उर्फी अब मेकअप पर एक्सपेरिमेंट कर रही है जिसके बाद उनके लुक को देख लोग डर गए। दरअसल उर्फी जावेद हाल ही में डर्टी मैगजीन के लिए फोटो शूट करती दिखाई दे रही है। इस बार उर्फी फोटो शूट में ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में दिखाई दी जिसपर डर्टी लिखा था। हमेशा से ही रिवीलिंग ड्रेस में नजर आने वाली उर्फी को फुल कपड़ो में देख फैंस चौक गए और कुछ खुश हो गए लेकिन इस बार उनका मेकअप एक बड़ी समस्या बन गया जिसे देख फैंस के पैरो तले जमीन खिसक गई जी हां इस बार उर्फी ने अपने मेकअप लुक से लोगों को हैरान कर दिया है। दरअसल फोटोशूट के लिए उर्फी ने अपने बालो को पिंक करा दिया जिसके बाद सबसे ज्यादा ध्यान खींचे वाली चीज उनकी आइब्रोज रही जिनपर एक्ट्रेस ने ब्लीच करा रखी हैं। इसी के साथ एक्ट्रेस ने बोल्ड आइस और न्यूड मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया। अब उर्फी जावेद कुछ नया करे और लोग उसकी निंदा ना करे ऐसा नहीं हो सकता, इस बार उर्फी के कपड़ो से नही बल्कि उनके मेकअप से लोग डर गए है और लगातार कमेंट कर रहे है साथ ही बोलते नजर आ रहे है आज कपड़े थोड़े सही पहन तो लिए पर मेकअप भूतनी वाला कर लिया। साथ ही एक यूजर ने उन्हें चुड़ेल तक कह दिया।

# सेल्फी मूवी देख अक्षय कुमार के फैंस का घूमा दिमाग कहा- अक्षय सर से ऐसी उम्मीद नहीं थी..

बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्म सेल्फी आज सिनेमा घरों में दस्तक दे चुकी है यू तो अक्षय कुमार मूवीज के रीमेक कर अपने फैंस के लिए कुछ अलग अंदाज में बड़े पर्दे पर आते रहते है, इस बार भी अक्षय पीछे नहीं हटे, उन्होंने बॉलीवुड में मलयालम फिल्म का रीमेक कर वापसी ली हैं। बता दे मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस की ऑफिशियल हिंदी रीमेक सेल्फी का फर्स्ट शो फर्स्ट डे देखने वाले फैंस अक्षय से निराश है, मूवी देखने के बाद फैंस ने ट्विटर पर अपना रिव्यू देना शुरू कर दिया मूवी रिलीज हुए कुछ ही समय हुआ है मानो सोशल मीडिया पर फैंस की निराशा की भरमार देखने को मिल रही हो। चलिए आपको बताते है सेल्फी दर्शकों की एक्सपेक्टेशन पर कितनी खरी उतर पाई है। बता दे कई लोगो को यह फिल्म पसंद नही आई है मूवी देखने के बाद यूजर्स लगातार सोशल मीडिया पर लगातार अपनी निराशा जताते नजर आ रहे है वही एक यूजर ने अक्षय को टैग कर लिखा–फर्स्ट हाफ ज्यादा अच्छा नहीं दूसरा हाफ और भी ज्यादा खराब है, अक्षय सर से ऐसी उम्मीद नहीं थी।वही कुछ लोग सेल्फी को बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर बता रहे है, दूसरी ओर लोगों का कहना है स्टोरी बहुत कमजोर और फीकी है साथ ही अक्षय कुमार विजय के किरदार में फिट नहीं बैठ रहे है। इस मूवी में अक्षय कुमार ने ओवरएक्टिंग की है जिस वजह से फर्स्ट पार्ट वेस्ट ऑफ टाइम हैं। चंद घंटो में सोशल मीडिया पर यूजर द्वारा यहाँ तक कहा जा रहा है कि सेल्फी 2023 की पहली डिजास्टर फिल्म होगी। वही इसी के साथ रुव्दमॅवतकत्मअपमू, रुकपेंजमत सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। बताया जा रहा है इस मूवी में कुछ भी ओरिजिनल नहीं है जिसके बाद यूजर यहाँ तक कह रहे है आप ज्यादा से ज्यादा सीन के हिसाब से किसी फिल्म को कॉपी कर सकते हैं। वही मूवी की कहानी एक सुपरस्टार के ऊपर है जिसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है, वहीं एक पुलिस वाला सुपरस्टार का बहुत बड़ा फैन होता है। हालांकि दोनों के बीच कुछ ऐसा होता है कि ये एक दूसरे के खिलाफ हो जाते हैं।




››› बॉलीवुड ‹‹‹

# मुनव्वर फारूकी ने कोर्ट का खटखटाया दरवाजा अपने उपर लगे आरोपों को खारिज करने की कर दी मांग

ओटीटी शो लॉक अप विनर और फेमस स्टैंड अप कॉमेडियन कहे जाने वाले मुनव्वर फारूकी आज किसी भी पहचान के मौहताज नहीं हैं। मुनव्वर ने अपने टैलेंट और अपने काबिलियत से आज अपनी पहचान बनाई हैं। बावजूद इसके मुनव्वर इन दिनों काफी ज्यादा विवादों में भी घिरे हुए नजर आते हैं। जिसके कारण मुनव्वर को कई आलोचानों का भी सामना करना पड़ता हैं। ऐसे में अब अपने उपर लगे इन आरोपों को खारिज करने के लिए मुनव्वर ने कोर्ट का दरवाजा खटखटा दिया हैं। दरअसल बतौर स्टैंड अप कॉमेडियन हिंदू देवी–देवताओं पर विवादित बयान की वजह से लगे आरोपों को लेकर अब मुनव्वर फारूकी कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और खुद पर लगे आरोपों को निरस्त करने की मांग की है। याचिकाकर्ता के वकील के अनुरोध पर सुनवाई होली के बाद के लिए टली। जस्टिस बी आर गवई और विक्रम नाथ की बेंच ने मजाकिया लहजे में कहा– सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में एक कॉमेडी कार्यक्रम करवाइए। हम आपके अनुरोध पर विचार करेंगे। ऐसे में इस मामले को लेकर होली की बाद मुनव्वर फारूकी की इस याचिका पर सुनवाई की जानी है। मालूम हो कि एक स्टैंड अप कॉमेडी शो के दौरान मुनव्वर फारूकी ने हिंदू देवी–देवाताओं का मजाक उड़ाया था। जिसकी वजह काफी विवाद भी गर्माया है। दरअसल मुनव्वर फारूकी ने इंदौर में एक शो के दौरान हिंदू धर्म के देवी–देवता भगवान श्री राम और सीता माता को लेकर मजाक उड़ाया था। श्री राम के 14 साल के वनवास मसले पर मुनव्वर फारूकी की ओर से अभ्रद टिप्पणी की गई थी। जिसके बाद से मुनव्वर फारूकी पर हिंदू धर्म की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगा और कॉमेडियन के खिलाफ शिकायत भी दर्ज करवाई गई है। इतना ही नहीं इस मामले ने राजनितिक गलियों में भी अपने पांव पसार दिए थे। जहां राजनितिक गलियारों में भी काफी सियासी रोटियां सकी गयी हैं। साथ ही कॉमेडियन के ऊपर लगे इन आरोपों की वजह से मुनव्वर के कई शोज भी कैंसिल करा दिए गए थे। जिसके बाद से कॉमेडियन को काफी ज्यादा आलोचनों का शिकार होना पड़ा था।



# मुमताज का वर्कआउट वीडियो देख फैंस रह गए दंग

## 75 की उम्र में भी क्या हैं उनका फिटनेस मंत्र



60–70 के दशक की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक रह चुकी मुमताज फिल्मी दुनिया का वो नायाब सितारा रह चुकी हैं जो अपने दर्शको के दिलो पर राज कर करती थी और आज भी उनके चाहने वालो की कमी नहीं हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम डेब्यू किया है और लगातार सोशल मीडिया पर एक्टिव भी नजर आ रही हैं। और हाल ही में उन्होंने अपना एक फिटनेस वीडियो भी सोशल मीडिया के जरिये फैंस संग साँझा किया हैं। जिसमे मुमताज का एक वर्कआउट वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होता नजर आ रहा है। जिसमें उनकी फिटनेस देख फैंस शॉक्ड रह गए हैं। 75 साल की उम्र में भी मुमताज जिम में पसीना बहा रही हैं जोकि आज कल के जवान पीढ़ी के लिए एक मिसाल हैं। इसके अलावा भी मुमताज के तमाम नए पुराने फोटो–वीडियो आपको उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर देखने को मिल जाएंगे जो बेहद ही इन्स्पिरिंग हैं। बता दे कि अभिनेत्री अब 75 साल की हो चुकी हैं। लेकिन उनके चेहरे पर टिकी ये खूबसूरती और नूर आज भी पूरी तरह से बरकरार है। एक्ट्रेस अपने जमाने की खूबसूरत और डिमांडिंग एक्ट्रेस में से एक रह चुकी हैं। मुमताज ने दिग्गत अभिनेताओं जैसे दारा सिंह और धर्मेंद्र के साथ तमाम फिल्मों में काम किया और इनकी जोड़ी को भी फिल्मी पर्दे पर काफी पसंद किया जाता था। मुमताज ने बेशक आज फिल्मी पर्दे से दूरी बना ली हो लेकिन उनके फैंस कल भी उनके दीवाने थे और आज भी उनकी एक झलक पाने को बेताब रहते हैं। गौरतलब हैं की 60–70 के दशक की ये मशहूर अभिनेत्री ने 11 साल की उम्र से ही बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने अभिनय करियर की शुरुआत कर ली थी। वहीं 60 के दशक में वो फिल्मों में लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आने लगीं और फैंस को अपना दीवाना बनाना शुरू कर दिया। फिल्म फौलाद, डाकू मंगल सिंह जैसी कई एक्शन फिल्मों में मुमताज बतौर मैन एक्ट्रेस नजर आ चुकी हैं। कई शानदार फिल्मों में अपना अभिनय दिखाने के बाद मुमताज ने फिल्मी दुनिया से 13 साल का ब्रेक ले लिया और 1990 में फिल्म आंधियां से उन्होंने कमबैक किया।

हिन्दी दैनिक/डिजिटल स्टार एक्सप्रेस सोच... बदलते भारत की
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी–18, सेक्टर–सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक: नरेन्द्र कुमार। (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK